


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-02 सीहोर, बुधवार 12 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के पार, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि पर बन सकता है नया रिकॉर्ड



महाकुंभ नगर (आरएनएस)। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर पर पहुंच गया है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी।सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुंभ का आयोजन हो रहा है, वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। उनका यह आंकलन महाकुंभ के समापन से 15 दिन पहले ही सच साबित हो गया। मंगलवार की सुबह 8 बजे ही महाकुंभ में 45 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार हो गई। मंगलवार को सुबह 8 बजे तक करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई, जिसके साथ ही महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ पार हो गई। अभी महाकुंभ को 15 दिन और दो महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष हैं। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50-55 करोड़ के ऊपर जा सकती है। प्रयागराज में तीनों अमृत स्नान (मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी) के बाद भी श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों, करोड़ों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं।बसंत पंचमी के अंतिम अमृत स्नान पर्व के बाद भी श्रद्धा का जबरदस्त उत्साह लोगों को संगम तट तक खींचकर ला रहा है। मंगलवार को सुबह 8 बजे तक 49.68 लाख लोगों ने त्रिवेणी में स्नान किया।

### प्रशासन का बड़ा फैसला : महाकुंभ मेला क्षेत्र में सभी तरह के वाहनों पर प्रतिबंध, सीएम ने अधिकारियों को दिए ये निर्देश

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। स्नान पर्व माघी पूर्णिमा बुधवार को है, जिसे लेकर पुलिस ने ट्रैफिक और डायवर्जन प्लान लागू किया है। इसके तहत प्रशासन ने महाकुंभ मेला क्षेत्र में सभी तरह के वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। हालांकि, इस दौरान प्रशासनिक और चिकित्सकीय वाहनों को मेला क्षेत्र में जाने की अनुमति रहेगी। यह व्यवस्था 13 फरवरी की सुबह आठ बजे अथवा भीड़ समाप्त होने तक लागू रहेगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी महाकुंभ के दौरान यातायात और भीड़ प्रबंधन को लेकर सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें माघ पूर्णिमा के अवसर पर होने वाले महाकुंभ स्नान पर्व की तैयारियों की समीक्षा की गई।मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है और 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा के दिन विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

## किसानों के लिए खुशखबरी, पराली पर तय की जा सकती है एमएसपी

नई दिल्ली(आरएनएस)। संसद की एक समिति ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए पराली जलाने की घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से पराली का बेंचमार्क न्यूनतम मूल्य तय करने और धान की जल्द तैयार होने वाली फसल को अपनाने की सलाह दी है। साथ ही, समिति ने कहा है कि रेड एंट्री वाले किसानों के लिए एक निश्चित समय बाद इससे बाहर निकलने का भी प्रावधान होना चाहिए।

अधीनस्थ विधान संबंधी समिति के अध्यक्ष मिलिंद मुरली देवड़ा ने मंगलवार को राज्यसभा में एनसीआर और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए गठित आयोग पर अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है। समिति की अनुशंसा में कहा गया है कि आयोग को राज्य सरकारों से मशविरा कर पराली के लिए एक मानक न्यूनतम मूल्य तय करना चाहिए जो एमएसपी की तरह किसानों को पराली की बिक्री पर एक निश्चित आय की गारंटी प्रदान करे। इसकी हर साल समीक्षा का भी सुझाव दिया गया है। अनुशंसा में कहा गया है कि जिन इलाकों में पराली के अंतिम उपभोक्ता नहीं हैं, वहां 20-50 किलोमीटर पर भंडारण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए ताकि किसानों पर पराली की ढुलाई का ज्यादा बोझ न पड़े।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में एआई एक्शन समिट में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से हाथ मिलाया।

## सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद झारखंड के मंत्री इरफान ने याचिका वापस ली



रांची सारी ने छेड़छाड़ पीड़िता की तस्वीर वायरल करने से संबंधित केस में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट से वापस ले ली है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने उन्हें इसकी इजाजत दे दी।

पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा था कि यह याचिका विचार योग्य नहीं है। इरफान अंसारी वर्ष 2018 में छेड़छाड़ की शिकार एक बच्ची से मिलने हॉस्पिटल गए थे। बच्ची से मुलाकात की तस्वीर वायरल होने से उसकी पहचान उजागर हो गई।आरोप है कि यह तस्वीर इरफान अंसारी के मोबाइल से वायरल हुई। इसे लेकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। पिछले वर्ष इस मामले में निचली अदालत ने संज्ञान लिया था। एमपी-एमएलए कोर्ट में उनके खिलाफ ट्रायल चल रहा है।इरफान अंसारी ने ट्रायल रद्द करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने सितंबर 2024 में उनकी याचिका खारिज कर दी। इसके बाद इरफान सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका पर पिछली सुनवाई के दौरान कहा था कि आप हर चीज के लिए प्रचार क्यों चाहते हैं?

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा था कि बच्ची से मुलाकात के दौरान कानून के तहत अनिवार्य आवश्यकताओं का पालन नहीं किया गया। जस्टिस नागरत्ना ने पूछा था कि विधायक को अगर पीड़िता से मिलना था तो क्या वह अकेले या एक-दो लोगों के साथ नहीं जा सकते थे? वह समर्थकों का समूह लेकर पीड़िता से क्यों मिलने गए थे?अदालत की इस प्रतिकूल टिप्पणी के बाद इरफान अंसारी ने अपनी याचिका वापस ले ली।

## शिवपुरी में बनेगा एयरपोर्ट


भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सात नीतियों को मंजूरी दी गई। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि नीतियों के कारण लगभग 20 लाख मध्य प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिलेगा। अधिकतम आर्थिक सहायता ढाई सौ करोड़ रुपए की होगी। उद्योग संवर्धन नीति सहित अन्य नीतियों में यह प्रावधान दिया गया है कि निवेशकों को विभिन्न अनुमतियां एक स्थान से बिना किसी कठिनाई के मिल जाए, इसके लिए व्यवस्था बनाई जाएगी। सिंगल विंडो सिस्टम प्रभावित तरीके से क्रियान्वित किया जाएगा। फिल्म और पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नीति में संशोधन किए गए हैं।शिवपुरी में एयरपोर्ट बनाने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने दी मंजूरी। इसका अनुबंध पहले ही हो चुका है। कलेक्टर को भूमि अधिग्रहण सहित अन्य कार्यों के लिए अधिकृत किया गया। शहरी गैस वितरण नीति को कैबिनेट मंजूरी दी इसमें पाइप के माध्यम से घरों में सीधे रसोई गैस की आपूर्ति की जाएगी।

### इंवेस्ट एमपी जीआईएस-2025

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिल्ली में देश-विदेश के निवेशकों को म.प्र में निवेश के लिये करेंगे आमंत्रित

**-होटल ताजमहल में आयोजित होगा जीआईएस कर्टेन रेज़र कार्यक्रम**

**-निवेशकों के साथ होंगी वन-टू-वन मीटिंग और इंटरैक्टिव राउंडटेबल**



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 12 फरवरी को नई दिल्ली के ताजमहल होटल में इंवेस्ट एमपी जीआईएस-2025 के कर्टेन रेज़र कार्यक्रम में देश-विदेश के निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिये आमंत्रित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों के साथ वन-टू-वन मीटिंग और इंटरैक्टिव राउंडटेबल कर आगामी ग्लोबल समिट के नवाचारों से अवगत करायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों के साथ रू-ब-रू होकर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं और सरकार की औद्योगिक नीतियों एवं प्रतिबद्धता से अवगत करायेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत माधवकृष्ण सिंघानिया चेयरमैन सीआईआई नॉर्दर्न रीजन एवं डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ जेके सीमेंट के स्वागत संबोधन से होगी। इसके बाद इंवेस्ट एमपी जीआईएस-2025 पर विशेष कर्टेन रेज़र वीडियो की प्रस्तुति दी जाएगी, जो ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की प्रमुख झलकियों को दर्शाएगा। कार्यक्रम में दो महत्वपूर्ण इंटरैक्टिव राउंडटेबल भी आयोजित की जाएंगी। पहली राउंडटेबल मीटिंग में टेलीकॉम कंपनियों के प्रतिनिधि और दूसरी राउंडटेबल मीटिंग में विभिन्न देशों के राजदूत शामिल होंगे। इसमें निवेश और साझेदारी की नई संभावनाओं पर चर्चा होगी।मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन और प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री राघवेंद्र कुमार सिंह द्वारा राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों और निवेश के अवसरों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में शामिल होने वाले उद्योग जगत के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि अपने अनुभव साझा करेंगे। प्रबंध निदेशक एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन श्री चंद्रमौली शुक्ला निवेशकों का स्वागत एवं आभार प्रकट करेंगे।

### प्रधानमंत्री श्री मोदी 24 फरवरी को भोपाल में करेंगे जीआईएस का शुभारंभ

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को भोपाल में दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का शुभारंभ करेंगे। समिट के दूसरे दिन समापन कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह शामिल होंगे। राज्य शासन द्वारा आयोजन की तैयारियों के साथ देश-विदेश के निवेशकों से निरंतर सम्पर्क एवं संवाद किया जा रहा है। इसी कड़ी में 12 फरवरी को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में इंवेस्ट एमपी जीआईएस-2025 के कर्टेन रेज़र कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद झारखंड के मंत्री इरफान ने याचिका वापस ली


रांची (आरएनएस)। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने छेड़छाड़ पीड़िता की तस्वीर वायरल करने से संबंधित केस में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट से वापस ले ली है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने उन्हें इसकी इजाजत दे दी।

पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा था कि यह याचिका विचार योग्य नहीं है। इरफान अंसारी वर्ष 2018 में छेड़छाड़ की शिकार एक बच्ची से मिलने हॉस्पिटल गए थे। बच्ची से मुलाकात की तस्वीर वायरल होने से उसकी पहचान उजागर हो गई।आरोप है कि यह तस्वीर इरफान अंसारी के मोबाइल से वायरल हुई। इसे लेकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।


## घर से निकले महाकुंभ नहाने, जाम में घंटों फंसे, परेशान यात्रियों ने सुनाई दास्तां



प्रयागराज (आरएनएस)। महाकुंभ में संगम स्नान के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है, लेकिन हाईवे पर यातायात की स्थिति बेहद खराब है। लोगों को कुछ ही दूरी तय करने में दस-दस घंटे लग रहे हैं। लाखों वाहन रोजाना जाम में फंस रहे हैं। प्रशासन जाम की समस्या से निपटने में पूरी तरह से विफल रहा है, हालांकि सोमवार को शहर में स्थिति कुछ सामान्य रही।

बताया जा रहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मुद्दे पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है। महाकुंभ में देश के कोने-कोने से लोग अपनी निजी गाड़ियों, रोडवेज की बसों, और प्राइवेट बसों से परिवार और गांव के अन्य लोगों के साथ पहुंच रहे हैं।आंकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक लोग संगम में स्नान कर रहे हैं, जिनमें से लगभग 60 प्रतिशत लोग निजी साधनों से मेले में आ रहे हैं। हाईवे पर लगातार जाम के कारण लोग कई दिनों से परेशान हैं। जाम का मुख्य कारण बैरिकेडिंग लगाकर जगह-जगह वाहनों को रोका जाना बताया जा रहा है।एक कार सवार ने अपना अनुभव बताते हुए कहा, ट्रैफिक की स्थिति बहुत खराब है। मेरे यहां से प्रयागराज पहुंचने में सामान्यत: 2 से 3 घंटे का समय लगता है।

### एआई बदल रहा हमारी जिंदगी, पेरिस समिट में पीएम मोदी ने 'इंडिया एआई' मिशन को लेकर कही ये बात

नई दिल्ली(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस में 'एआई एक्शन समिट' के दौरान अपने संबोधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत सी चीजों को बेहतर बना कर लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है।

पेरिस के ग्रैंड पैलेस में आयोजित सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा, शासन का मतलब सभी के लिए पहुंच सुनिश्चित करना भी है, खास तौर पर ग्लोबल साउथ में। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत सी चीजों को बेहतर करके लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'एआई एक ऐसी दुनिया बनाने में मदद कर सकता है जिसमें विकास लक्ष्यों की यात्रा आसान और तेज हो जाए। ऐसा करने के लिए, हमें संसाधनों और प्रतिभाओं को एक साथ लाना होगा। हमें ओपन-सोर्स सिस्टम विकसित करना होगा जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाए।

## जम्मू-कश्मीर के अखनूर में IED ब्लास्ट, दो जवान शहीद; एक घायल



अखनूर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (LoC) के पास मंगलवार को हुए एक आतंकी हमले में भारतीय सेना के दो जवान शहीद हो गए। सेना ने बताया कि इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (IED) विस्फोट में तीन सैनिक घायल हुए थे, जिनमें से दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। भारतीय सेना के अधिकारियों के अनुसार, यह हमला दोपहर करीब 3:30 बजे जम्मू के खौर थाने के अंतर्गत केरी बट्टल इलाके में हुआ। सैनिक नियंत्रण रेखा पर बाड़ की गश्त पर थे, तभी वे IED विस्फोट की चपेट में आ गए। घायल तीसरे जवान का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही सेना तत्काल मौके पर पहुंची और इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हमले की पुष्टि करते हुए शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। व्हाइट नाइट कोर ने अपने संदेश में लिखा, व्हाइट नाइट कोर दो वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करता है और श्रद्धांजलि देता है।




## पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी पर आतंकी साया! मैच पर मंडराया खतरा




इस्लामाबाद (ए)। पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी पर आतंकी साए की आहट सुनाई दे रही है। यहां 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत हो रही है। इससे पहले आतंकियों की नजरे इस मैच पर टिक गई हैं। 25 फरवरी को लंदन के लाड्र्स क्रिकेट मैदान के बाहर तालिबान (अफगानिस्तान) की टीम के खिलाफ प्रदर्शन होगा। यह प्रदर्शन तालिबान में महिलाओं की आजादी को लेकर होगा। बताया जा रहा है कि प्रदर्शन बहाना है, अफगानिस्तान-इंग्लैंड क्रिकेट मैच को टारगेट करना असल निशाना है। हम 26 फरवरी को सुबह 9 बजे होने वाले मैच से पहले 25 फरवरी को इंग्लैंड बनाम अफगानिस्तान मैच का विरोध करेंगे। हम अफगानिस्तान में महिलाओं पर तालिबान के क्रूर और बढ़ते उत्पीड़न पर आपत्ति जताते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे संदेशों में कहा गया है कि आईसीसी के नियमों के अनुसार, सदस्य देशों को महिला क्रिकेट का समर्थन करना चाहिए। वर्तमान में तालिबान अफगानिस्तानी महिलाओं को शिक्षित होने, सार्वजनिक रूप से बोलने, यहां तककि अपने घर में पढ़ते या गाते हुए सुनने या खिड़कियों से दिखने की अनुमति नहीं देता है। चैंपियनशिप ट्रॉफी में इंग्लैंड को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलने में सिर्फ 18 दिन बचे हैं। महिलाओं ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड से बार-बार अपील की है कि इंग्लिश टीम अफगानी महिलाओं पर क्रूरतापूर्वक अत्याचार किए जाने के खिलाफ में अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम का बहिष्कार करे।

### चार पीढ़ियों संग महाकुंभ पहुंचे मुकेश अंबानी, संगम में लगाई डुबकी

प्रयागराज (आरएनएस)। देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने महाकुंभ में स्नान किया, उनके साथ उनकी चार पीढ़िया भी कुंभ नगरी पहुंची। उनकी मां कोकिला बेन, बेटा-बहू आकाश व श्लोका और अनंत व राधिका के साथ मुकेश अंबानी के पोते-पोती पृथ्वी व वेदा भी प्रयागराज पहुंचे। संगम में डुबकी के बाद अंबानी परिवार ने निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरी जी महाराज की उपस्थिती में मां गंगा की पूजा अर्चना की। त्रिवेणी में स्नान के बाद अंबानी परिवार महाकुंभ में बने परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंचा। परिवार ने आश्रम में सफाईकर्मियों, बोट चालाने वालों व तीर्थयात्रियों को मिठाई बांटी।

K & K

राजधानी समाचार



बुधवार 12 फरवरी 2025,सीहोर



## सौरभ और उसके सहयोगियों की ईडी को 7 दिन की रिमांड, 52 किलो सोने के राज से अब हटेगा पर्दा?

भोपाल, (निप्र)। परिवहन आरक्षक की नौकरी छोड़कर अरबों का मालिक बना सौरभ शर्मा और उसके बिजनेस पार्टनर व राजदार चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सात दिन की रिमांड मिली है। ईडी तीनों आरोपियों से 17 फरवरी तक पूछताछ करेगी।



मंगलवार को सौरभ समेत तीनों आरोपियों को रिमांड पर लेने विशेष न्यायाधीश ईडी संतोष कुमार कोल की अदालत में प्रवर्तन निदेशालय ने याचिका लगाकर प्रोटेक्शन वारंट मांगा था। इसके बाद कोर्ट ने केंद्रीय जेल के अधीक्षक को तीनों ही आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया। जेल पुलिस तीनों आरोपियों को लेकर कोर्ट पहुंची। ईडी ने कोर्ट से तीनों आरोपियों की सात दिन की रिमांड की मांग की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए तीनों को ईडी को सात दिन की रिमांड पर सौंप दिया। ईडी अब तीनों आरोपियों से 52 किलो सोना, 11 करोड़ रुपए कैश समेत अन्य करोड़ों रुपए की संपत्ति के मामले में पूछताछ करेगी।

बता दें इससे पहले लोकायुक्त की पूछताछ में सौरभ शर्मा नकदी और सोना खुद का होने से इंकार किया है, जबकि चेतन भी अपने बयान में कह चुका है कि इनोवा उसके नाम से है, लेकिन उसकी किश्त सौरभ जमा करता था और उपयोग भी सौरभ के कार्यालय में होता था। बता दें लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ शर्मा, उसके बिजनेस पार्टनर और राजदार चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल के ठिकानों पर 18 दिसंबर को एक साथ छापा मारा था। छापे की कार्रवाई 19 दिसंबर को भी चली थी।

# महाकुंभ में स्नान, जबलपुर में मौत, टक्कर के बाद पिचक गई ट्रैवलर, कैसे गई सात की जान? तस्वीरें





भोपाल (ए.)। जबलपुर से करीब 50 किमी. दूर नागपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर पुट्टी की बोरियों से भरे एक ट्रक ने महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की ट्रैवलर को टक्कर मार दी। इस दौरान दोनों वाहनों से एक और कार भी टकरा गई।

प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में मौत होने का सिलसिला जारी है। मप्र में करीब हर दिन सड़क हादसों में लोगों की मौत हो रही है। मंगलवार को प्रदेश के जबलपुर जिले में भी एक भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों की हालत गंभीर है, उनका मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, जबलपुर से करीब 50 किमी. दूर नागपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर सुबह करीब नौ बजे सीमेंट से भरे ट्रक ने महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैवलर को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैवलर पूरी तरह पिचक गई और ट्रक व पुल की रैलिंग के बीच में फंस गई। ट्रैवलर में सवार नौ लोग भी उसमें बुरी तरह फंस गए, जिनमें से सात की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर हालत में उसमें फंसे थे। जिन्हें सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्त के बाद बाहर निकालकर अस्पताल भेजा।

### आंधप्रदेश के रहने वाले हैं मृतक और घायल

पुलिस के अनुसार ट्रैवलर में सवार सभी लोग आंधप्रदेश के रहने वाले बताए जा रहे हैं। सभी ट्रैवलर के जरिए महाकुंभ स्नान करने के लिए आए थे। वापस लौटने के दौरान जबलपुर में ट्रक ने उनकी ट्रैवलर को टक्कर मार दी। पुलिस ने घायलों और मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है। वे जबलपुर आने के लिए रवाना हो गए हैं।

### कैसे हुआ हादसा?

पुलिस ने बताया कि ट्रक जबलपुर से पुट्टी लोड कर कटनी की ओर जा रहा था। इस दौरान मोहला बरगी के पास ट्रक का टायर फट गया और फिर वह दूसरी साइड से आ रही ट्रैवलर से टकरा गया। हादसे के बाद मौके पर चीखपुकार मच गई। वहीं, चालक मौके से फरार हो गया।

### ट्रक और ट्रैवलर की टक्कर, कार भी टकराई

इस हादसे के बाद ट्रैवलर के पीछे आ रही एक कार भी दोनों वाहनों से टकरा गई। गनीमत रही कि कार के एयरबैग खुल गए, जिससे उसमें सवार सभी लोगों की जान बच गई। अगर, ऐसा नहीं होता तो यह और भी भयानक हादसा हो सकता था।

## विविध-समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आंध्रप्रदेश के तीर्थयात्रियों की असामयिक मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रयागराज से आ रहे आंध्रप्रदेश के तीर्थयात्रियों की भीषण सड़क दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर जिले के सिहोरा में नागपुर-प्रयागराज नेशनल हाइ-वे पर ट्रैवलर और ट्रक की भिंड़त से यह हादसा हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घायलों के समुचित उपचार और सभी मृतकों के परिजन से सम्पर्क कर पार्थिव देह पहुंचाने की व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजन को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रयागराज की यात्रा लंबी है, इसलिए वाहन चालकों के पर्याप्त आराम और नींद का ध्यान रखना आवश्यक है। साथ ही तेज रफ्तार से वाहन चलाने से भी बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि स्थानीय अधिकारियों को दुर्घटना के संबंध में जांच के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने जबलपुर के पास हुई सड़क दुर्घटना पर गहन दुख व्यक्त किया

भोपाल (आरएनएस)।उप मुख्यमंत्री एवं जबलपुर जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने मंगलवार को सिहोरा के पास नेशनल हाईवे पर कुंभ स्नान कर वापस लौट रहे तीर्थयात्रियों की ग्राम मोहला बरगी के पास टेंपो ट्रेवलर एवं ट्रक के टकराने से हुई दुर्घटना पर गहन शोक व्यक्त किया है। दुर्घटना में टेंपो ट्रेवलर में सवार आंध्र प्रदेश के 7 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। घायल 2 लोगों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय और एसडीएम रूपेश सिंघई तुरंत ही मौके पर पहुंचने के निर्देश दिये। कलेक्टर जबलपुर ने बताया कि मृत व्यक्तियों को सिहोरा अस्पताल पीएम के लिए भेजा गया है एवं घायलों का सिहोरा जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

### निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम कर रहे कांट्रेक्टर की तीसरी मंजिल से गिरने मौत

भोपाल(आरएनएस)। रायसेन रोड स्थित एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माणाधीन छात्रावास में काम कर रहे कांट्रेक्टर की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब 36 वर्षीय गगन गर्ग काम कर रहे थे। उस समय वहां कई मजदूर भी मौजूद थे।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे या नहीं। बताया जा रहा है कि उस समय गगन अपनी टीम के साथ मिलकर सामान चढ़ाने की लिफ्ट इंस्टॉल कर रहे थे। अचानक ट्रॉली फिसलने के चलते गगन ने ट्रॉली पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन इस प्रयास में उनका पैर भी फिसल गया। करीब 30 फीट नीचे गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। बिलखिरिया पुलिस के अनुसार, गगन रायसेन रोड स्थित एक कॉलोनी में किराए के मकान में रहते थे। सोमवार को वह निर्माणाधीन छात्रावास की तीसरी मंजिल पर काम कर रहे थे। हादसे के बाद मजदूरों ने तुरंत उन्हें पास के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां करीब तीन घंटे तक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# सबको मिले सरकार की योजनाओं का लाभ : मुख्यमंत्री डॉ यादव

**>>> न छूटे कोई भी हितग्राही**

**>>> प्रदेश के विकास में हो सबकी सक्रिय भागीदारी**



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनकल्याण ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है। योजनाओं के जरिए ही हम इस लक्ष्य के लिए आगे बढ़ रहे हैं। इसलिए सुनिश्चित करें कि प्रदेश का कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। प्रदेश के विकास में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जरूरतमंद हितग्राहियों को पात्रतानुसार त्वरित लाभ दिया जाए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि इस वित्तीय वर्ष के तय लक्ष्यों की समय पर पूर्ति की जानी चाहिए। योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रतिदिन समीक्षा की जाए, ताकि कोई भी सुपात्र हितग्राही लाभ पाने से न छूटे। हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए सभी विभाग अपने स्तर पर सतत समीक्षा करें। सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा और विलम्ब के समय पर हितग्राहियों तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाएं सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु हैं। इनके प्रभावी क्रियान्वयन से ही जनता को शासन की संवेदनशीलता का अनुभव होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का फुल सैचुरेशन (पूर्ण संतृप्ति) किया जाना है, उसे शीघ्र पूरा किया जाए।

## रेडक्रास भवन सेवा भारती को दिए जाने के विरोध में उतरे जीतू पटवारी,बोले-सरकारी संपत्ति किसी को देना गलत



भोपाल (ए.)। भारतीय रेडक्रास सोसाइटी, मध्य प्रदेश राज्य शाखा द्वारा भोपाल के इतवारा रोड स्थित रेडक्रास भवन को सेवा भारती को सौंपे जाने के निर्णय के विरोध में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों में शुरू की गई संवैधानिक संस्थाओं और देश के संस्थागत ढांचे को भारतीय जनता पार्टी हमेशा से ही हड़पने का काम करती रही है। इसका ताजा उदाहरण राजधानी भोपाल के इतवारा रोड़ रेडक्रास भवन को नियमविरूद्ध तरीके से आरएसएस के अनुसांगिक संगठन सेवा भारती को सौंपा जाना है।

**कांग्रेस सरकार के दौरान दिया था भवन**

पटवारी ने कहा कि यह भवन कांग्रेस सरकार के दौरान रेडक्रास सोसायटी को दिया गया था, जो मूलत: सरकार की संपत्ति है और किसी राजनैतिक संगठन को इसे दिया जाना नियमों के विरूद्ध है। उन्होंने कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री मुकेश नायक द्वारा राजधानी भोपाल में रेडक्रास अस्पताल का शुभारंभ एक डाक्टर के साथ कराया गया था जब नायक ने इस संस्था को छोड़ा तक उसमें 70 डाक्टर कार्यरत थे और राजधानी के अधिकांश मरीज इस संस्था में अपना इलाज सुलभ और सस्ती दरों पर कराने के लिए आते थे। इतना ही नहीं नायक के कार्यकाल में दूसरा अस्पताल सिद्धांता रेडक्रास नाम से बना जो मप्र का नंबर वन अस्पताल के रूप में विख्यात है।

## बारात के बाद दुल्हे को लेकर चाय पीने जा रहे दोस्तो की स्कार्पियो पलटी, एक की मौत, 8 घायल

भोपाल(ए)। निशातपुरा थाना इलाके में स्थित टूबा कॉलेज के सामने तेज स्पीड में दौड़ रहीं स्कार्पियो कार बेकाबू होकर सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। दर्दनाक एक्सीडेंट में जहॉ एक युवक की मौत हो गई वहीं गाड़ी में सवार 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का निजी अस्पताल में इलाज जारी है, जिनमे तीन की हालत गंभीर बताई गई है। हादसा रविवार-सोमवार की करीब आधी रात 2.30 बजे का है। बताया गया है की युवक अपने दोस्त की बारात से वापस लौटकर दूल्हे को लेकर चाय पीने ढाबे पर जा रह थे। हादसा कितना भीषण था, इसक अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की चार पलटी खाई स्कार्पियो चारो और से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गेट खुलने पर उसके सवार युवक उछलकर सडक पर जा गिरे।

## सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पॉलिसी को मंजूरी, मोहन सरकार ने कैबिनेट बैठक में लिए बड़े फैसले



भोपाल (ए)। मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने फिल्म पर्यटन नीति, पर्यटन नीति और सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पॉलिसी समेत अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी। सीएम यादव की अध्यक्षता में मंगलवार के मंत्रालय में कैबिनेट बैठक हुई थी।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पॉलिसी को मंजूरी दी गई। साथ ही मप्र फिल्म पर्यटन नीति, पर्यटन नीति और उद्योग समेत अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी मुहर लगाई है। बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गी ने कैबिनेट में हुए निर्णय को लेकर जानकारी दी।

# प्रदेश का फिर बदला मौसम 33 डिग्री पार पहुंचा पारा, 2 दिन ऐसा ही रहेगा मौसम, 13 से बढ़ सकती है ठंड



भोपाल(निप्र)। एमपी के तापमान में एक बार फिर से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। दिन में अधिकतम तापमान 33 डिग्री पार पहुंच गया। गुना में एक ही दिन में पारा 5.4 डिग्री बढ़ गया। 13 फरवरी से ठंड का दूसरा दौर आ सकता है।

मध्य प्रदेश के मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है जहां फरवरी माह में करके की ठंड शुरू हुई थी वही एक बार फिर से तापमान मैं बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। दिन में अधिकतम तापमान 33 डिग्री पार पहुंच गया। वहीं रात के तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है ज्यादातर जिलों का तापमान 10 डिग्री से ऊपर चल रहा है। गुना में एक ही दिन में पारा 5.4 डिग्री बढ़ गया। रतलाम-सिवनी में 33 डिग्री और मंडला में 33.5 डिग्री रहा। अधिकांश शहरों में पारा 30 डिग्री से ज्यादा ही रहा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसा ही मौसम अगले 2 दिन और बना रहेगा। 13 फरवरी से सर्दी का दूसरा दौर आ सकता है। आज गर्मी का असर देखने को मिलेगा।

### जाने क्यों बदल रहा मौसम

मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश के अनुसार 8 फरवरी को एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस उत्तर भारत पहुंचा था। इसके असर के कारण प्रदेश में उत्तर से सर्द हवाएं चल रही थी, जो अब लौट गई है। अब राजस्थान के पास एक प्रेरित चक्रवात (इंड्यूस साइसर) बन गया है। इसके कारण हवा का रुख बदल कर दक्षिणी हो गया है। ऐसे में उत्तर से सर्द हवा नहीं आ रही है। जिससे दिन-रात के पारे में बढ़ोतरी देखने को मिली है। प्रदेश में कुछ दिन पहले सर्द हवा की रफ्तार 36 से 40 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच गई थी, लेकिन अब सर्द हवाएं नहीं आ रही है। इस वजह से गर्मी बढ़ गई है। फिलहाल जेट स्ट्रीम हवा का असर प्रदेश में नहीं है।

### एक ही दिन में 5 डिग्री से ज्यादा बढ़ा तापमान

सोमवार को दिन के तापमान में खासी बढ़ोतरी देखने को मिली है। गुना में 5.4 डिग्री बढ़कर यह 32.5 डिग्री पर आ गया। मंडला सबसे गर्म रहा और यहां पारा 33.5 डिग्री रहा। रतलाम और सिवनी में 33 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह बैतूल, धार, नर्मदापुरम, खरगोन, दमोह, खजुराहो और सतना में 31 डिग्री के पार रहा। खंडवा में 32.1 डिग्री, सागर में 32.2 डिग्री, गुना में 32.5 डिग्री दर्ज हुआ। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 31.4 डिग्री, इंदौर में 30.4 डिग्री, उज्जैन में 30.8 डिग्री, ग्वालियर में 29.1 डिग्री और जबलपुर में तापमान 30.6 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह रात के तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है।

### अगले 2 दिन ऐसा मौसम

11 फरवरी: सुबह व रात में हल्की ठंडक देखने को मिली। वहीं, दिन में तेज धूप खिली रहेगी।

12 फरवरी: अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। रात में भी पारे में उछाल आएगा।

# MPPSCपरीक्षा में गड़बड़ी का आरोप,दिग्विजय ने CM को लिखा पत्र बोले-इंटरव्यू में दिए जा रहे मनमानी नंबर

भोपाल (ए.)। भोपाल, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर कहा है कि आयोग द्वारा साक्षात्कार में मनमाने तरीके से अंक दिए जा रहे हैं, जिससे प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

**राजनेता और अफसरों के बच्चों को दे रहे अधिक नंबर**

दिग्विजय सिंह ने कहा है कि आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा में टॉप करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में कम अंक दिए जा रहे हैं, जबकि



राजनेताओं और अफसरों के बच्चों और परिचितों को अधिक अंक देकर उच्च पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा है कि यह घोटाला न केवल प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है, बल्कि यह मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठा को भी धूमिल कर रहा है।

**निष्पक्ष जांच की मांग**

दिग्विजय सिंह ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के कार्यरत न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग गठित किया जाए। उन्होंने कहा है कि यदि जांच में गड़बड़ी पाई जाती है, तो परीक्षा को निरस्त कर पुन: आयोजित किया जाना चाहिए।इस मामले में दिग्विजय सिंह ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से हस्तक्षेप करने और इस मामले की जांच कराने की मांग की है।

## GMC में पैरामेडिकल कोर्सों में एडमिशन के लिए छात्रों को चक्कर काटने से मिली मुक्ति,ऑनलाइन हुई सारी सेवाएं




भोपाल (ए.)। राजधानी भोपाल स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में पैरामेडिकल के 11 कोर्सों में एडमिशन लेने के लिए विद्यार्थियों को अब कॉलेज और बैंकों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। दरअसल जीएमसी प्रबंधन ने इस वर्ष पैरामेडिकल कोर्सों को ऑनलाइन कर दिया है। पैरामेडिकल कोर्स में एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों को किसी भी शहर या राज्य से हो उन्हें घर बैठे कोर्स का फॉर्म और फीस भरने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। अभी तक पैरामेडिकल कोर्स में एडमिशन लेने के लिए छात्रों को जीएमसी से फॉर्म कलेक्ट करना पड़ता था उसके बाद उन्हें प्रवेश के लिए लगने वाली फीस के लिए बैंकों के चक्कर काटने पड़ते थे। बैंकों से बैंक ड्राफ्ट बनाकर फीस जमा करवाना पढ़ता था। जीएमसी प्रबंधन ने अब छात्रों की समस्या का समाधान कर दिया है और सारी सुविधाएं ऑनलाइन कर दी है। छात्र जीएमसी प्रबंधन की साइट पर जाकर फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं और ऑनलाइन ही फीस भी भर सकते हैं।

**दूसरे राज्यों के विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ**

जीएमसी के पैरामेडीकल कोर्स के कोऑर्डिनेटर डॉ. रतन कुमार के अनुसार पैरामेडिकल कोर्स में एडमिशन लेने के लिए मध्य प्रदेश के साथ-साथ दूसरे राज्यों के भी छात्र-छात्राएं भोपाल पहुंचाते हैं। ऐसे में उन्हें प्रवेश लेने के लिए सबसे पहले कॉलेज पहुंचकर फॉर्म कलेक्ट करना पड़ता था। उसके बाद बैंक से बैंक ड्रॉप बनवा कर फीस जमा करनी पड़ती थी।

## चाकू की नोंक पर किडनेप करने वाला तीसरा बदमाश रेल्वे स्टेशन से पकड़ाया

भोपाल(ए)। कोतवाली पुलिस ने किडनेप के मामले में फरार आरोपी शाहिद को भोपाल रेल्वे स्टेशन प्लेट फार्म से उस समय दबोचा है, जब वह शहर से बाहर भागने की फिराक में था। टीआई काशीराम कुशवाहा ने बताया की बीते साल 13 अगस्त 2024 को फरियादी दानिश खॉन ने रिर्पोट दर्ज कराते हुए बताया था की उसे एक्टिवा सवार तीन बदमाश चाकू अड़ाकर डिजायर कार मे जर्बरदस्ती अगवा कर ले गये थे। उस कार में पहले से दो और युवक बैठे थे। कार मे बैठाने के बाद बदमाशो ने उसकी ऑख पर कपडा बांध दिया था। पुलिस ने शप्पू पिस्टल, शाहिद,अयान सहित दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले में आरोपी शप्पू पिस्ट, शाहरूख, अयान को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन आरोपी शाहिद खांन पिता जाहिद खांन (28) मूल निवासी, ग्राम राहतगढ जिला साग, हाल पतामुरली नगर निशातपुरा घटना के बाद ही फरार चल रहा था।

# नकल रहित व सुचिता के साथ सम्पन्न कराएं बोर्ड परीक्षायें : कलेक्टर श्रीमती चौहान

## -केन्द्राध्यक्ष, कलेक्टर प्रतिनिधि व परीक्षा से जुड़े अन्य अधिकारियों को दिए निर्देश
## -परीक्षा से पहले बच्चों को प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढ़ाने पर भी दिया जोर

ग्वालियर (ए.)। केन्द्र अध्यक्ष एवं कलेक्टर प्रतिनिधि प्रश्न-पत्र का बॉक्स प्राप्त करने के लिये संबंधित पुलिस थाने में हर हाल में प्रात- 6 बजे तक पहुँच जाएँ। साथ ही पुलिस थाने में पहुँचने के बाद संयुक्त सेल्फी लें और उसे निर्धारित एप पर अपलोड करें। इसी तरह परीक्षा केन्द्र पर पहुँचकर सेल्फी अपलोड की जाए। सभी केन्द्राध्यक्ष सुचिता के साथ परीक्षायें सम्पन्न कराएँ। साथ ही परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षार्थी बच्चों को प्रोत्साहित कर उनका मनोबल भी बढ़ाएं, जिससे बच्चो में परीक्षा को लेकर भय न रहे। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्ड्री व हाईस्कूल बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित व सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के उद्देश्य से बुलाई गई बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस थाने से कड़ी निगरानी के बीच प्रश्न-पत्र के बॉक्स संबंधित परीक्षा केन्द्र तक पहुँचाए जायेंगे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जो दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, उनका अक्षरशः पालन कर दसवीं व बारहवीं बोर्ड की परीक्षायें सम्पन्न कराएं। दिशा-निर्देशों के उल्लंघन पर केन्द्राध्यक्ष सहित अन्य संबंधित अधिकारी के खिलाफ




कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा परीक्षा पूर्णतः नकल रहित हों, यदि किसी केन्द्र पर नकल संबंधित शिकायत मिली तो संबंधित केन्द्राध्यक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार पर बच्चों की जाँच करें, इससे नकल प्रकरण बनाने की नौबत ही न आए। उन्होंने कहा बोर्ड परीक्षाओं में इस बार परीक्षार्थियों को प्रातः 8 बजे तक परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना होगा। परीक्षार्थी का परीक्षा कक्ष में उपस्थिति का समय प्रातः 8.30 बजे रखा गया है। इसके बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। बोर्ड परीक्षाओं में शामिल हो रहे बच्चों व उनके अभिभावकों को यह जानकारी पहले से ही दे दें, जिससे परीक्षा के दिन सभी बच्चे समय से अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुँच सकें।

मंगलवार को जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित हुई बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, जिले के एसडीएम, सीएसपी व एसडीओपी तथा बोर्ड परीक्षाओं के लिये नियुक्त केन्द्राध्यक्ष व कलेक्टर प्रतिनिधियों सहित परीक्षाओं से जुड़े अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

ज्ञात हो मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल के तहत हायर सेकेण्ड्री (12वी) की परीक्षायें 25 फरवरी से शुरू होकर 25 मार्च तक आयोजित होंगीं। इसी तरह हाई स्कूल (10वी) की परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होकर 21 मार्च तक चलेंगीं। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि पुलिस थाने से कड़ी निगरानी के बीच प्रश्न-पत्र के बॉक्स संबंधित परीक्षा केन्द्र तक पहुँचाए जायेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में परीक्षार्थियों एवं परीक्षा कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। कलेक्टर प्रतिनिधि को परीक्षा के प्रत्येक दिन प्रातः 10 बजे तक केन्द्र पर अनिवार्यतः मौजूद रहना होगा। सभी पर्यवेक्षकों को परीक्षा के पहले दिन डेढ़ घंटा पहले और परीक्षा के शेष दिनों में एक घंटा पहले परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना होगा।

### बाल संरक्षण योजना अंतर्गत कार्यशाला/प्रशिक्षण का आयोजन आज

दतिया (ए.)। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अरविंद उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला बाल विकास विभाग द्वारा आज 12 फरवरी 2025 को प्रातः 10 बजे नवीन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला/प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में बाल कानून विशेषज्ञ नई दिल्ली अनंत कुमार अस्थाना द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यशाला सह प्रशिक्षण में जिला स्तर पर गठित जिला बाल संरक्षण समिति, किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत संचालित शिशुगृह स्टॉफ, बाल कल्याण समिति/किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यगण, जिले में संचालित छात्रावासों के अधीक्षकगण, शिक्षा विभाग के अधिकारीगण, जिला बाल संरक्षण ईकाई एवं बाल कल्याण पुलिस अधीकारीगण तथा विशेष किशोर पुलिस ईकाई दतिया प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित




झाबुआ (ए.)। कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में जिले में तीन केन्द्रो पर आयोजित होने वाली मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2025 की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। राज्य सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2025 आयोजन 16 फरवरी 2025 को दो सत्र में प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय सत्र अपरान्ह 2.15 बजे से 4.15 बजे तक जिला मुख्यालय पर 03 केंद्रों पर आयोजित होगी। जिले में तीन परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से 1152 परीक्षार्थी सम्मिलित होगे जिसमें शासकीय आदर्श महाविद्यालय झाबुआ में बनाये गये परीक्षा केंद्र में 600 परीक्षार्थी, शासकीय हाई स्कूल कैलाश मार्ग हुडा झाबुआ में बनाये गये परीक्षा केंद्र में 200 परीक्षार्थी एवं शासकीय हाई स्कूल (बुनियादी) विवेकानन्द कालोनी सज्जन रोड झाबुआ में बनाये गये परीक्षा केंद्र में 352 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बैठक में कलेक्टर ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से प्राप्त निर्देशो के अनुसार शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने आकस्मिक निरीक्षण हेतु फ्लाइंग स्क्वाड बनाये जाने हेतु, परीक्षा केन्द्रो पर व्यवस्थित फ्रिस्कींग किये जाने हेतु, महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों की फ्रिस्कींग अलग-अलग कराये जाने हेतु निर्देशित किया। तीनों परीक्षा केन्द्रो पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की व्यवस्थित ड्युटी लगाए जाने, परीक्षा केन्द्रो पर भीड़ होने स्थिति निर्मित ना होने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र सिंह चौहान, संयुक्त कलेक्टर अक्षय सिंह मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ भास्कर गाचले, एसडीओपी झाबुआ श्रीमती रूपरेखा यादव एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्व-सहायता समूहों की दीदियों को सिखाई मुर्गी पालन की बारीकियां

### लगभग एक सैंकड़ा मुर्गी पालकों को दिया गया प्रशिक्षण



ग्वालियर (ए.)। मुर्गी पालन को कैसे लाभप्रद बनाया जा सकता है। मुर्गियों का बेहतर रख-रखाव कैसे करें, कब-कब टीकाकरण कराएँ, लेयर फार्मिंग कैसे की जाए और मुर्गियों की हैचरी का निर्माण कैसे करें। मुर्गी पालन से संबंधित ऐसी ही तमाम बारीकियां जिले के 100 से अधिक मुर्गी पालकों को सिखाई गईं। मुर्गी पालकों का यह प्रशिक्षण सह संगोष्ठी मंगलवार को शासकीय मुर्गी पालन प्रक्षेत्र रायरू में आयोजित की गई। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुडीं दीदियों ने भी इस प्रशिक्षण में खासतौर पर भाग लिया। संगोष्ठी में मुर्गी पालन विषय के विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र राजपूत ने ब्रायलर फार्मिंग की विधियों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. वाय एस राजपूत ने मुर्गी पालन से संबंधित सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। एनआरएलएम की अधिकारी सुश्री शिखा शर्मा ने भी उपयोगी जानकारी दी। अंत में अतर सिंह रावत ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### बाघ और तेंदुआ के कुनबे में इजाफा, गन्ने के खेत में मादा तेंदुए ने शावक को दिया जन्म

छिंदवाड़ा(आरएनएस)। बाघ और तेंदुआ की बेहतर जीवन के लिए पेंच नेशनल पार्क और उसके आसपास के जंगल बेहतर साबित हो रहे है। बाघ और तेंदुआ के कुनबे में इजाफा हो रहा है। पेंच नेशनल पार्क से लगे हरदुआ गांव में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह रघुवंशी के गन्ने के खेत में मादा तेंदुए ने एक शावक को जन्म दिया है। खेत मालिक शैलेंद्र रघुवंशी ने बताया कि उनके खेत में गन्ने की कटाई चल रही है। सुबह जब मजदूर खेत पहुंचे तो उन्हें गन्ने के ढेर के नीचे एक बिल्ली के बच्चे जैसा दिखाई दिया। उन्होंने इसकी सूचना मुझे दी, जब खेत जाकर देखा तो वह तेंदुए का शावक था।

## सीईओ ने जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं का किया निराकरण

### जनसुनवाई में 55 से अधिक प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही के निर्देश दिए

दतिया (ए.)। कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई कलेक्टर संदीप कुमार माकिन के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया अक्षय कुमार तेम्रवाल ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। आज जनसुनवाई में 55 से अधिक आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नीरज शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री सोनाली राजपूत महिला एवं बाल विकास अधिकारी अरविंद उपाध्याय, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग गिर्राज दुबे सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान फरियाद लेकर आने वाले दतिया सुशीला माली, राकेश कुशवाहा,उषा रायकवार, आदि



लोगों ने आवेदन दिया कि हम सभी प्रार्थीगण दशकों से श्री पीतांबरा पीठ मंदिर के मुख्य द्वार के सामने बैठ कर फूलों व माला का व्यवसाय कर अपनी आजीविका संचालित करते आ रहे हैं लेकिन श्री पीतांबरा पीठ प्रबंधन द्वारा मंदिर के मुख्य द्वार पर निर्माण करवाया जाना है जिसके लिए मुख्य प्रवेश द्वार को बंद कर उत्तर द्वार से आवागमन चालू रखा गया है मुख्य प्रवेश द्वार के बंद होने और भक्तगणों के वहां आवागमन न करने से आजीविका का एकमात्र साधन फूलमाला का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। आपसे निवेदन है की हम सभी प्रार्थीगण को मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य पूर्ण होने तक के लिए उत्तर द्वारा के समीप बैठने की अनुमति प्रदान करें। सीईओ जिला पंचायत दतिया अक्षय कुमार तेम्रवाल ने सीएमओ को कार्रवाई कर निराकरण के निर्देश दिए। नीता जाटव निवासी जसवंतपुर तहसील इंदरगढ़ में आवेदन दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सरपंच एवं सचिव द्वारा हमारा आवास स्वीकृत नहीं कर रहे हैं और पैसों की मांग कर रहे हैं जबकि वर्तमान में जसवंतपुर गांव में हमारा कच्चा मकान बना हुआ है। सीईओ जिला पंचायत दतिया ने इंदरगढ सीईओ जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। हिमांशु भार्गव ने आवेदन दिया कि ग्राम पंचायत मडगांव में शासकीय माध्यमिक विद्यालय मडगांव के सर्वे नंबर 548 रकबा 0.36 हेक्टर की स्कूल परिसर के खेल के मैदान की जमीन पर सेवानिवृत्त शासकीय शिक्षक महेश शर्मा द्वारा अतिक्रमण अपने निजी उपयोग के लिए भवन बना लिया है। तत्काल 548 रखवा मडगांव का सीमांकन कर अतिक्रमण से मुक्त कराए।

## व्यापार समाचार

# भारत तैयार है न्यूनतम दरों पर ऊर्जा आयात के लिए: हरदीप सिंहपुरी



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने घरेलू तेल विपणन कंपनियों के गैस तलाश पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि भारत सभी स्रोतों से न्यूनतम दरों पर ऊर्जा आयात के लिए तैयार है। पुरी ने जताया कि भारतीय ऊर्जा सप्ताह की शुरुआत अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद रूस से ऊर्जा आपूर्ति पर असर की चिंताओं को दूर किया। उन्होंने बताया कि भारत अब 39 आपूर्तिकर्ताओं से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी कर रहा है, जिसमें अर्जेंटीना भी शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने उज्जवला योजना के तहत प्राकृतिक गैस की उपलब्धता में कमी की बात की और प्रस्तावित है कि प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के माध्यम से वितरित होने के साथ 30 प्रतिशत सस्ती है। इससे पहले भारतीय ऊर्जा सबंधी विभाग ने एलएनजी और कच्चा तेल खरीदने की निविदाएं जारी की हैं, जिससे छूट मिल सके। पुरी ने कहा कि भारत आयात के समय सस्ते स्रोत से खरीद कर अपनी आवश्यकताओं को पूरा करेगा। उन्होंने भविष्य में भारत की ऊर्जा सुरक्षा के प्रति निरंतर संकल्प प्रकट किया और गैस तलाश के साथ-साथ प्राकृतिक गैस का उपयोग बढ़ाने का संकल्प जताया।

## रुपया भारी गिरावट के साथ बंद

मुंबई (ए)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को 28 पैसे की भारी गिरावट के साथ ही 86.73 पर बंद हुआ। आज सुबह कारोबार में रुपया 61 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.84 पर पहुंच गया। व्यापार युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के कारण व्यापक आर्थिक अनिश्चितता उत्पन्न हो गई है, जिससे वैश्विक मुद्रा बाजारों पर काफी प्रभाव पड़ा है। रुपया इस उठापटक के बीच सोमवार को 88 के स्तर के करीब पहुंच गया था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 87.45 पर खुला और फिर सुबह के कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.84 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 61 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को 87.45 पर बंद हुआ था। इस बीच अमेरिकी प्रशासन के एल्युमीनियम तथा इस्पात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद बढ़ते व्यापार तनाव के बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 108.40 पर पहुंच गया।



## एयरो इंडिया 2025 : अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने दिखाई 'मेक इन इंडिया' की ताकत, प्रदर्शित किए आधुनिक हथियार

नई दिल्ली (आरएनएस)। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने सोमवार को बेंगलुरु में चल रहे एयरो इंडिया 2025 में अपनी क्षमता दिखाई और कई आधुनिक हथियार प्रदर्शित किए।

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के लैंड सिस्टम के प्रमुख, अशोक वधावन ने कहा कि हम अपनी क्षमताएं विकसित कर रहे हैं। हम किसी भी खतरे को पता लगाने वाले डिफेंस प्रोडक्ट्स पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इस क्षेत्र में हमारे पास छोटे ड्रोन से लेकर बड़े ड्रोन हैं, जिसके जरिए हम कमरे से लेकर हवा में टारगेट कर सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हम अनमैन्ड अंडरवाटर व्हीकल (यूयूवी) भी बना रहे हैं, जो कि 15 दिनों तक पानी में रहकर खतरे का पता लगा सकता है। इसके अलावा हम काउंटर ड्रोन भी बना रहे हैं।

एयरो इंडिया 2025 में अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने व्हीकल माउंटेड काउंटर ड्रोन सिस्टम प्रदर्शित किया है। यह डिफेंस उपकरण 15 किलोमीटर तक डिटेक्ट कर सकता है, जबकि 10 किलोमीटर तक न्यूट्रलाइज कर सकता है।

इसके अलावा अदाणी ग्रुप की डिफेंस कंपनी ने कामिकेज ड्रोन भी प्रदर्शित किया है। यह काफी घातक ड्रोन माना जाता है। इसकी रेंज 200 किलोमीटर है और यह 16 किलो तक का वारहेड ले जा सकता है और 8 घंटे हवा में रह सकता है।

अदाणी डिफेंस और एयरोस्पेस पैवेलियन एयरो इंडिया 2025 में कई रक्षा हथियारों, मानव रहित वाहन, उपकरण और कई अन्य चीजों को प्रदर्शित करने वाले सबसे आकर्षक पैवेलियन में से एक है।

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस भारत के रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी खिलाड़ियों में से एक है। अदाणी डिफेंस और एयरोस्पेस ने लगातार तीसरी बार एयरो इंडिया में भाग लिया है।

## रिलायंस ने स्पोर्ट्स ड्रिंक बाजार में रखा कदम, लॉन्च की 10 रुपए में 'स्पिनर'

मुंबई (आरएनएस)। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने नया स्पोर्ट्स ड्रिंक 'स्पिनर' लॉन्च किया है, जिसे स्पिन के जादूगर मुथैया मुरलीधरन के साथ मिलकर बनाया गया है। यह भारत का सबसे किफायती स्पोर्ट्स ड्रिंक है और सिर्फ 10 रुपए में उपलब्ध होगा।

इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर यह ड्रिंक शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करता है और तीन फ्लेवर – नींबू, संतरा और नाइट्रो ब्लू में आएगा। कंपनी का दावा है कि अगले तीन वर्षों में स्पोर्ट्स ड्रिंक्स का बाजार 1 अरब डॉलर तक पहुंचेगा, जिसमें स्पिनर बड़ी भूमिका निभाएगा। लॉन्च के साथ ही स्पिनर ने मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटन्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स जैसी आईपीएल टीमों से भी साझेदारी की है। मुथैया मुरलीधरन ने कहा, स्पिनर हर भारतीय को एक्टिव और हाइड्रेटेड रखने में मदद करेगा। वहीं, आरसीपीएल के सीओओ केतन मोदी ने कहा, हमारा लक्ष्य हर भारतीय को किफायती और प्रभावी हाइड्रेशन उपलब्ध कराना है।

## अदाणी ग्रुप ने मेयो क्लिनिक के साथ मिलाया हाथ, भारत में हेल्थ कैंपस बनाने के लिए दान किए 6,000 करोड़ रुपये

अहमदाबाद (आरएनएस)। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने अमेरिका स्थित मेयो क्लिनिक के साथ साझेदारी में अदाणी हेल्थ सिटी (एएचसी) शुरू करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य विश्वस्तरीय चिकित्सा अनुसंधान, किफायती स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में अग्रणी बनना है।

अदाणी परिवार अहमदाबाद और मुंबई में पहले दो एकीकृत स्वास्थ्य परिसरों के निर्माण के लिए 6,000 करोड़ रुपये से अधिक का दान देगा। इसमें मुंबई और अहमदाबाद में दो 1,000 बिस्तरों वाले मल्टी-सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनेंगे।

6,000 करोड़ रुपये का यह दान अरबपति उद्योगपति द्वारा अपने बेटे जीत अदाणी की शादी में की गई 10,000 करोड़ रुपये की सामाजिक दान की हाल की घोषणा का हिस्सा है, जिसे विभिन्न सामाजिक कार्यों में लगाया जाएगा।

कंपनी ने बताया कि गौतम अदाणी ने देश भर के शहरों और कस्बों में ऐसी और अधिक एकीकृत अदाणी हेल्थ सिटीज बनाने की योजना बनाई है।अदाणी समूह के चेयरपर्सन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मेयो क्लिनिक के साथ साझेदारी में अदाणी हेल्थ सिटी को लॉन्च करने पर गर्व है, जो विश्व स्तरीय चिकित्सा अनुसंधान, सस्ती स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में अग्रणी बनेगा।

उन्होंने आगे कहा, अहमदाबाद और मुंबई में 1,000 बिस्तरों वाले दो अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों से शुरुआत करते हुए, हम पूरे भारत में अत्याधुनिक चिकित्सा इनोवेशन लाने के मिशन पर हैं। यह एक स्वस्थ, मजबूत भारत के लिए बस शुरुआत है। मेयो क्लिनिक, दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत गैर-लाभकारी चिकित्सा समूह है और यह एएचसी में तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करेगा।इन एकीकृत एएचसी परिसरों में से प्रत्येक में अस्पताल, 150 स्नातक, 80 से अधिक निवासी और 40 से अधिक फेलो के वार्षिक प्रवेश के साथ मेडिकल कॉलेज, स्टेप-डाउन और संक्रमणकालीन देखभाल सुविधाएं और अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाएं शामिल होंगी।एएचसी चिकित्सा इकोसिस्टम का उद्देश्य सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के लोगों की सेवा करना, अगली पीढ़ी के डॉक्टरों को प्रशिक्षित करना और अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करना है।

# भारत में 2047 तक कोयले की मांग 1,755 मिलियन टन पहुंचने का अनुमान : केंद्र



नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारत में कोयले की मांग 2030 तक 1,462 मिलियन टन (एमटी) और 2047 तक 1,755 एमटी तक पहुंचने का अनुमान है। यह जानकारी सोमवार को सरकार द्वारा दी गई। वैश्विक स्तर पर पांचवें सबसे बड़े भूगर्भीय कोयला भंडार और दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता के रूप में, कोयला एक मुख्य ऊर्जा स्रोत बना हुआ है, जो राष्ट्रीय ऊर्जा मिश्रण में 55 प्रतिशत का योगदान देता है।पिछले दशक में मुख्य रूप से कोयले से चलने वाली ताप विद्युत संयंत्रों ने कुल बिजली उत्पादन में 74 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया है। कोयला मंत्रालय के कहा, रिन्यूएबल स्रोतों में मजबूत प्रगति के बावजूद बिजली की मांग में तीव्र वृद्धि के कारण ताप विद्युत पर निर्भरता जारी रखना आवश्यक हो गया है। अनुमान है कि 2030 तक इसकी हिस्सेदारी 55 प्रतिशत और 2047 तक 27 प्रतिशत हो जाएगी।आठ कोर उद्योगों के सूचकांक (आईसीआई) के अनुसार, कोयला क्षेत्र ने दिसंबर 2024 में 5.3 प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि दर्ज की, जो दिसंबर 2023 में 204.3 अंकों की तुलना में 215.1 अंक पर पहुंच गया।सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान, कोयला उद्योग सूचकांक पिछले वर्ष के 167.2 अंकों से बढ़कर 177.6 अंक हो गया, जो 6.2 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो सभी कोर उद्योगों में सबसे अधिक है।आठ मुख्य उद्योगों के संयुक्त सूचकांक ने पिछले वर्ष की तुलना में दिसंबर 2024 में 4 प्रतिशत की समग्र वृद्धि दिखाई है।इसके अतिरिक्त कोयला क्षेत्र भारतीय रेलवे के माल ढुलाई आय का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा है और लगभग 4.78 लाख व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का कोयला उत्पादन 997.82 मिलियन टन (एमटी) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2014-15 में 609.18 एमटी से मजबूत वृद्धि दर्शाता है। अकेले वित्त वर्ष 2023-24 में पिछले वर्ष की तुलना में उत्पादन में 11.71 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।2020 में वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी की शुरुआत के साथ एक ऐतिहासिक नीतिगत सुधार आया, जिसने निजी क्षेत्र की भागीदारी और आधुनिक तकनीकी अपनाने को प्रोत्साहित किया।

### अमेरिकी टैरिफ से भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला, मिडकैप और स्मॉलकैप में बिकवाली

मुंबई, (आरएनएस)। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में खुला। सुबह 9:30 बजे सेंसेक्स 172 अंक या 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,138 और निफ्टी 69 अंक या 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,315 पर था।

बाजार के गिरने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से आयातित स्टील और एल्युमिनियम उत्पादों पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाना है।बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिल रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 648 अंक या 1.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,855 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 250 अंक या 1.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,398 पर बना हुआ है।बाजार में उतार-चढ़ाव दर्शाने वाला इंडेक्स इंडिया विक्स 1.66 प्रतिशत बढ़कर 14.69 पर बना हुआ है।चॉइस ब्रोकिंग के आकाश शाह के मुताबिक, निफ्टी के लिए 23,260 एक अहम सपोर्ट है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## राहत की बड़ी सौगात

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सुस्त पड़ती आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने के लिए बजट में मध्यम वर्ग के लिए राहत की बड़ी सौगात दी है। यह कि 12 लाख रुपये तक की सालाना आय पर कर नहीं लगेगा जिससे लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा बच सकेगा। फलस्वरूप घरेलू उपभोग, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक गतिविधियों में रवानी आने से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वित्त मंत्री ने शनिवार को लोक सभा में वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश किया जो उनका लगातार आठवां बजट रहा, जो कीर्तिमान है। इस राहत से करीब एक करोड़ लोग आयकर के दायरे से बाहर हो जाएंगे। बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढ़ाने समेत अगली पीढ़ी के सुधारों को तेज करने का भी प्रस्ताव है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट को ऐतिहासिक' करार देते हुए कहा है कि यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करेगा, विकसित भारत के मिशन को आगे ले जाएगा और विकास, निवेश और उपभोग को कई गुना बढ़ाएगा'। बेशक, बजट में जिस प्रकार से आयकर से राहत दी गई है, वह बाकी सभी बजट प्रावधानों से ज्यादा महत्त्वपूर्ण दिखलाई पड़ रही है। हालांकि हर बजटीय प्रावधान खासे विमर्श के बाद किया जाता है।

लेकिन आयकर में राहत महत्त्वपूर्ण है क्यों कि अरसे से इस बाबत मांग की जा रही थी। अब यह राहत मिली है, तो इसे कुछ लोग चुनाव के मद्देनजर किया गया बदलाव करार दे रहे हैं। इस साल के आखिर में बिहार और इसी फरवरी में दिल्ली में विधानसभा के चुनाव हैं। बिहार के लिए भी पैकेज घोषित किया है, और आयकर में राहत से एक अनुमान के मुताबिक, दिल्ली के 85 प्रतिशत करदाताओं को अब आयकर नहीं देना पड़ेगा। बहरहाल, आम बजट से चुनावी से इतर अनेक लाभ मिलने तय हैं।

महंगाई कम करने के साथ ही बजट रोजगार सृजन में सहायक होगा। रक्षा क्षेत्र और पूंजीगत व्यय में वृद्धि करने के साथ ही नियामक सुधारों पर बल दिया गया है। वरिष्ठ जन की एक लाख रुपये तक की ब्याज आय को कर-मुक्त रखा गया है, जो यकीनन सराहनीय है। परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के लिए भी उत्साहजनक ऐलान है।

स्वास्थ्य क्षेत्र और ईवीएम से जुड़ खचरे के लिए भी खासा आवंटन है। वित्त मंत्री ने रेल बजट में कोई बढ़ोतरी नहीं की है और इस वर्ष भी पिछले वर्ष की भांति ही 2.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। बेशक, बजट की आलोचना करने के लिए तमाम तर्क गढ़े जा सकते हैं, लेकिन इतना तो कहना होगा कि बजट समाज के व्यापक वर्ग के हित में दिख रहा है।

# कैब चालक-डिलीवरी ब्वाय कामगारों की स्थिति पर चिंता

**कुमार समीर**

*भारतीय कामगारों का वर्किंग कल्चर, स्टाइल, काम करने के घंटे हमेशा से बहस का मुद्दा रहे हैं। इस कड़ी में स्किल्ड, अन-स्किल्ड को केंद्र में रखकर विभेद की भी बात सामने आती रहती हैं। हाल में जारी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक रिपोर्ट भी इस बात की तस्दीक करती है। काम के घंटे को लेकर कुछ दिनों पहले काफी विवाद देखा गया। इससे इतर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की हाल में जारी कैब चालक-डिलीवरी ब्वाय जैसे कामगारों (गिग वर्कर्स) की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई है। रिपोर्ट में साफ साफ शब्दों में माना गया है कि गिग वर्कर्स यानी ऐप आधारित कैब चालक, डिलीवरी ब्वाय या इसी तरह का अन्य काम करने वाले 83 फीसद कामगार रोजाना चुनौतियों का सामना करते हुए औसतन दस घंटे से भी अधिक काम कर रहे हैं। नतीजतन इन कामगारों को न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ता है।*



रिपोर्ट में टारगेट डिलीवरी को खतरनाक माना गया है और कहा गया है कि गिग वर्कर्स को एक निश्चित समयावधि में समान की डिलीवरी करनी होती है। समय पर टारगेट पूरा नहीं होने से शारीरिक, मानसिक रूप से तनाव बढ़ता है। रिपोर्ट में गिग वर्कर्स के लिए मौजूदा रेटिंग प्रणाली पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की गई है और इसे मनमानी करार देते हुए इसकी समीक्षा पर बल दिया गया है। कई बार बेहतर काम करने के बावजूद इन गिग वर्कर्स को खराब रेटिंग मिलती है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इन गिग वर्कर्स की चुनौतियों को दूर करने व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियामक ढांचा तैयार करने और इसके जरिए लक्षित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

इनकी चुनौतियों में लंबे समय तक काम करना, वित्तीय तनाव और शारीरिक थकावट शामिल है। इनके लिए थोड़ी राहत वाली बात यह है कि झारखंड, कर्नाटक और राजस्थान जैसे कुछ राज्य इन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य बीमा, न्यूनतम मजदूरी, तनाव मुक्त कार्य स्थितियों से संबंधित उनकी अन्य चिंताओं को दूर करने के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है।

हालांकि केंद्र सरकार ने इस आगामी 2025-26 वित्तीय वर्ष के बजट में देश के गिग वर्कर्स जिनकी संख्या एक करोड़ से भी अधिक है, उन सभी कामगारों को पहचान देने के लिए पंजीकरण करने और आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इससे उम्मीद जगी है और इसी तरह की उम्मीद कारपोरेट जगत के कामगारों में जगाने की जरूरत है क्योंकि यहां के कर्मचारी भी जबरदस्त तनाव में रहते हैं। ये लोग औसतन दस घंटे से कहीं अधिक समय तक काम करने को मजबूर हैं।

इनके नारायण मूर्ति, एस.एन. सुब्रमण्यम जैसे मालिकानों की सोच बदलनी होगी और उन्हें अहसास दिलाना होगा कि उनकी इस तरह की सोच, नजरिया से न तो उनका और ना ही कामगारों का भला होने वाला है। आर्टफीशियल इंटेलीजेंस के दौर में जब दुनिया बड़े पैमाने पर बेरोजगारी के खतरे को महसूस कर रही है, तब काम के घंटे बढ़ाने के कारण देश में और भी बेरोजगारी बढ़ेगी, यह तय है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि अर्थनीति की दिशा बदली जाए काम के घंटे घटाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया जाए और रोजगार को संवैधानिक अधिकार बनाकर राज्य की जिम्मेदारी तय की जाए कि वह नौजवानों के लिए रोजगार/नौकरी को सुनिश्चित करे।

स्वीडन ने छह घंटे कार्यदिवस की नीति अपनाई, जिससे कर्मचारियों की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और उनके जीवन की गुणवत्ता बेहतर हुई। जर्मनी ने भी कार्य घंटों को सीमित कर कर्मचारियों को दक्षता और कुशलता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि कार्य घंटों को घटाने से कर्मचारियों की संतुष्टि और उत्पादकता दोनों में सुधार होता है, जो संगठनों की दीर्घकालिक प्रगति के लिए भी फायदेमंद है। भारत में इस दिशा में सुधार के लिए व्यापक नीतिगत बदलावों की आवश्यकता है।

श्रम कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए, ताकि कार्यदिवस के घंटे तय हों और कंपनियां इन नियमों का सख्ती से पालन करें। स्मार्ट वर्क' के विचार को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे कर्मचारी अपनी दक्षता और तकनीकी उपकरणों का उपयोग करते हुए कम समय में बेहतर परिणाम दे सकें। अंततः संगठनों को यह समझना होगा कि उत्पादकता केवल काम के घंटों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि यह कर्मचारियों की प्रेरणा, कौशल-सम्मान और प्रोत्साहन पर आधारित होती है। कर्मचारियों को बेहतर परिणाम देने के लिए प्रेरित करना और उनकी क्षमताओं का सही आकलन करना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। संतुलित कार्यसंस्कृति न केवल कर्मचारियों को संतुष्टि प्रदान करती है, बल्कि उनकी उत्पादकता और समर्पण को भी बढ़ाती है।



भारतीय वायु सेना की एयरोबैटिक टीम सूर्यकिरण ने बेंगलुरु के येलहंका एयर बेस पर एयरो इंडिया 2025 के 15वें संस्करण के दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन किया।

# काले साहब तो लूट के मामले में गोरों के भी बाप

**विनीत नारायण**

कई दशकों से देखने में आया है कि गणतंत्र या स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को नमन कर देशवासियों को लंबे-चौड़े वादों की सौगात देकर देश का भला करने के संकल्प लिए जाते हैं परंतु इन सब से क्या देश का भला हो सकता है?

कई देशों में प्रवासी भारतीयों ने कई क्षेत्रों में बुलंदियों को छुआ है। इसका मतलब हुआ कि भारतीयों में योग्यता की कोई कमी नहीं है। यदि सभी को सही मौका और प्रोत्साहन मिले तो कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

अगर यह बात सही है तो फिर क्या वजह है कि खिलाडियों पर खर्चा करने की बजाय खर्चीले खेल आयोजनों पर अरबों रुपया बर्बाद किया जाता है? कुछ हजार रुपये का कर्जा लेने वाले किसान आत्महत्या करते हैं और लाखों करोड़ का बैंकों का कर्जा हड़पने वाले उद्योगपति ऐश। आधी जनता भूखे पेट सोती है और एफसीआई के गोदामों में करोड़ों टन अनाज सड़ता है। विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका और मीडिया भी ऐसी अव्यवस्था का नंगा नाच दिखाने में पीछे नहीं रहते।

नतीजतन, आतंकवाद और नक्सलवाद चरम सीमा पर पहुंचता जा रहा है। सरकार के पास विकास के लिए धन की कमी नहीं है पर धन का सदुपयोग कर विकास के कामों को ईमानदारी से करने वाल पैसे-पैसे के लिए धक्के खाते हैं और नकली योजनाओं पर अरबों रुपया डकारने वाले सरकार का धन बिना रुकावट खींच ले जाते हैं। ऐसे में स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्र दिवस का क्या अर्थ लिया जाए? यही न कि हमने आजादी के नाम पर गोरे साहबों को धक्का देकर काले साहबों को बिठा दिया। पर काले साहब तो लूट के मामले में गोरों के भी बाप निकले। स्विटजरलैंड के बैंकों में सबसे ज्यादा काला धन जमा करने वालों में भारत काफी आगे है। इसलिए जरूरत है हमारी सोच में बुनियादी परिवर्तन की।

सब चलता है' और ऐसे ही चलेगा' कहने वाले इस लूट में शामिल हैं। जज्बा तो यह होना चाहिए कि देश सुधरेगा क्यों नहीं?' हम ऐसे ही चलने नहीं देंगे'। अब सूचना क्रांति का जमाना है। हर नागरिक को सरकार के हर कदम को जांचने-परखने का हक है। इस हथियार का इस्तेमाल पूरी ताकत से करना चाहिए। सरकार चाहे किसी भी दल की क्यों न हो उसमें में जो लोग बैठे हैं, उन्हें भी अपना रवैया बदलने की जरूरत है। एक मंत्री या मुख्यमंत्री रात के अंधेरे में मोटा पैसा खाकर उद्योगपतियों के गैर- कानूनी काम करने में तो एक मिनट की देर नहीं लगाता। पर यह जानते हुए भी कि फलां व्यक्ति या संस्था राज्य के बेकार पड़े संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल कर सकती है, उसके साथ वही तत्परता नहीं दिखाता।

आखिर क्यों? जब तक हम सही और अच्छे को बढ़ावा नहीं देंगे, उसका साथ नहीं देंगे, उसके लिए आलोचना भी सहने से नहीं डरेंगे तब तक कुछ नहीं बदलेगा। नारे बहुत दिए जाएंगे पर परिणाम केवल कागजों तक सीमित रह जाएंगे। सरकारों ने अगर अपने अधिकारियों के विरोध की परवाह करते हुए अपने कार्यकालों में कई सक्षम लोगों को यदि खुली छूट न दी होती तो अमूल और मेट्रो जैसे हजारों करोड़ के साम्राज्य कैसे खड़े होते? आम आदमी के लिए रोजगार का सृजन करना हो या देश की गरीबी दूर करना हो, सरकार की नीतियों में बुनियादी बदलाव लाना होगा। केवल आंकड़े ही नहीं साक्षात परिणाम देख कर भी नीति बननी चाहिए।

खोजी पत्रकारिता के चार दशक के मेरे अनुभव यही रहे कि बड़े से बड़ा भ्रष्टाचार बड़ी बेशर्मी से कर दिया जाता है पर सच्चाई और अच्छाई का डट कर साथ देने की हिम्मत हमारे राजनेताओं में नहीं है। इसीलिए देश का सही विकास नहीं हो रहा। खाई बढ़ रही है। हताशा बढ़ रही है। हिंसा बढ़ रही है। पर नेता चारों ओर लगी आग देख कर भी कबूतर की तरह आंखें बंद किये बैठे हैं। इसलिए फिर से समाज के मध्यम वर्ग को समाज के हित में सक्रिय होना होगा। मशाल लेकर खड़ा होना होगा। टीवी सीरियलों और उपभोक्तावाद के चंगुल से बाहर निकल कर अपने इर्द-गिर्द की बदहाली पर निगाह डालनी होगी ताकि हमारा खून खौले और हम बेहतर बदलाव के निमित्त बन सकें।विनाश के मूक द्रष्टा नहीं। तब ही हम सही मायने में आजाद हो पाएंगे। फिलहाल तो उन्हीं अंग्रेजों के गुलाम हैं जिनसे आजादी हासिल करने का मुगालता लिए बैठे हैं। हमारे दिमागों पर उन्हीं का कब्जा है जो घटने की बजाय बढ़ता जा रहा है। ये बातें या तो शेखचिल्ली के ख्वाब जैसी लगती हैं या किसी संत का उपदेश। पर ऐसा नहीं है। इन्हीं हालात में बहुत कुछ किया जा सकता है। देश के हजारों लाखों लोग रात दिन निष्काम भाव से समाज के हित में समर्पित जीवन जी रहे हैं। हम इतना त्याग न भी करें तो भी इतना तो कर ही सकते हैं कि अपने इर्द-गिर्द की गंदगी को साफ करने की ईमानदार कोशिश करें।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी और आप अच्छे काम करेंगे। आज आपका मन भावनत्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने किसी सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं जिससे आपके मन को बहुत संतुष्टि मिलेगी। नौकरी करने वाले लोगों के लिए भी आज का दिन अच्छा रहेगा। आपको कार्य स्थल में सीनियर्स से तारीफ सुनने को मिल सकती हैं जिससे आपका मन खुशी से झूम उठेगा।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आप किसी प्रकार की किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं, जहां आपको व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे और कोई बड़ी डील भी प्राप्त हो सकती है, जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं समाप्त हो जाएंगी। आज का दिन अच्छा रहेगा। आपके अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे ।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप का मन आज किसी बात को लेकर बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा। आप मन ही मन फूले नहीं समाएंगे। आध्यात्मिकता से अपने मन को बहुत अधिक शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। आज का दिन विद्यार्थियों के लिए थोड़ा सा उलझनों भरा हो सकता है। विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई से भटक सकता है, जिसके कारण उनके माता-पिता परेशान हो सकते हैं।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका आपके जीवन साथी के साथ किसी बात को लेकर चल रहा वाद विवाद आज समाप्त हो सकता है। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप थोड़ा सा चिंतित हो सकते हैं।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको आज समाज में मान सम्मान मिलेगा जिससे आपका मन बहुत ही संतुष्ट रहेगा। आपका मन धार्मिक कार्यक्रमों में लगा रहेगा। आप किसी मंदिर में दान पुण्य का सामान बांट सकते हैं। छात्रों की बात करें, तो छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है। टूर एंड ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा। आज कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करन पड़ेगा। पति-पत्नी का आपसी सहयोगात्मक व्यवहार आपसी नजदीकियां बढ़ाएगा।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। व्यापार बढ़ाने की योजनओं पर एक बार फिर से विचार करेंगे। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते समय किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे। यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिंत हो जाए ऐसा कुछ नही होने वाला क्योंकि आज आपका दिन आपके फेवर में है। आज जीवनसाथी का आपके प्रति पूर्ण सहयोग रहेगा।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चो के प्रति सावधान रहन होगा। आप व्यर्थ के खर्चो पर अधिक ध्यान न दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले एक आवश्यक कार्यों के लिस्ट बनएं कि किस समान की अधिक आवश्यकता है, केवल उसी समान को अधिक खरीदे। आपके घर के खर्च आपके लिए बहुत बड़ी परेशानी बन सकते हैं।


मकर राशि : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपका धन आज किसी शुभ काम में अधिक खर्च होगा, जिससे आपका मन भी प्रसन्न होगा, जिससे उनको शांति भी मिलेगी। आपके परिवार में आपके कामों को देखते हुए आपकी प्रसिद्धि बहुत अधिक बढ़ सकती हैं। नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन थोड़ा सा सावधानी से रहने वाला रहेगा।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आपका किसी कारण से मन परेशान है, तो उसे शांत रखने के लिए आप अपने बच्चों के साथ थोड़ा सा समय बताएं, तो आपका मन अच्छा हो जाएगा। आप अपने संतान की सेहत को लेकर लापरवाही न बरते अन्यथा आपको बाद में पछताना पड़ सकता है।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। काम क्षेत्र में आपके कामों की वाहवाही होगी और आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा, लेकिन आपका कोई धन संबंधित मामला आपके लिए समस्या लेकर आ सकता है। आप अपनी माताजी से आज अपने मन की किसी इच्छा को जाहिर कर सकते हैं, जिसे वह पूरी अवश्य करेंगे, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करन चाहते हैं, उन्हें आज किसी संस्था से जुड़कर विदेश जाने का मौका मिलेगा।

# 'जब मीरा बोली गुरु मिलया रविदास जी..'

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**



(संत रविदास जयंती पर विशेष)

गुरु रविदास के पिता जूते बनाने व पुराने जुते ठीक करने का काम करते थे। रविदास बचपन में बहुत कुशाग्र व भगवान् को मानने वाले एक अच्छे बालक रहे। उन्हें उच्च कुल वालों के कारण हीन भावना का शिकार होना पड़ता था, गुरु रविदास ने समाज को बदलने के लिए अपनी कलम का सहारा लिया, वे अपनी रचनाओं में अच्छे जीवन के बारे में लोगों को समझाते थे।लोगों को शिक्षा भी देते थे कि व्यक्ति को बिना भेदभाव के सबसे अपने समान प्रेम करना चाहिए। अवतरित संतो में महान संत गुरु रविदास का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी के निकट सीर गोबर्धनगाँव में हुआ था। इनकी माता कलसा देवी व पिता संतोख दास थे,बहुत ही गरीबी में अपना जीवन यापन करते थे। लेकिन एक सरपंच के रूप में उनकी बहुत ख्याति भी थी। गुरु रविदास का जन्म सन1376-77 के आस पास हुआ था, ऐसा बताते है कुछ लोग सन 1399 में तो कुछ दस्तावेजों के अनुसार संत रविदास ने सन1450 से 1520 के बीच अपना जीवन इस धरा पर बिताया ।

रविदास ने गुरु पंडित शारदा नन्द की पाठशाला में शिक्षा प्राप्त की। पंडित शारदा नन्द ने रविदास की प्रतिभा से प्रभावित होकर उन्हें भगवान द्वारा भेजा हुआ एक बच्चा बताया और उन्हें शिक्षा दी। रविदास एक प्रतिभाशाली और मेहनती छात्र थे, उनके गुरु जितना उन्हें पढ़ाते थे, उससे ज्यादा वे अपनी समझ से शिक्षा गृहण कर लेते थे। पंडित शारदा नन्द अपने शिष्य रविदास से बहुत खुश रहते थे, उनके आचरण और प्रतिभा को देख वे सोचा करते थे कि रविदास एक दिन उच्चकोटि का आध्यात्मिक गुरु और महान समाज सुधारक बनेगा। उनके गुरु की यह सोच संत रविदास के प्रतिष्ठित होने पर चरितार्थ भी हुई।

रविदास के साथ पाठशाला में पंडित शारदा नन्द का बेटा भी पढ़ता था, वे दोनों अच्छे मित्र थे। एक बार वे दोनों छुपन छुपाई का खेल रहे थे,रात हो जाने पर बच्चों ने अगले दिन फिर से खेलना तय किया। दुसरे दिन सुबह रविदास खेलने के लिए आ गए लेकिन उनका गुरुभाई मित्र नहीं आया। तब वे उसके घर गए तो पता चला कि रात को उनके मित्र की मृत्यु हो गई थी। यह पता चलते ही शोक में डूबकर रविदास सुन्न हो गए है, तब उनके गुरु शारदा नन्द उन्हें मृत मित्र के पास ले गए रविदास अपने मृत मित्र से कहते है कि ये सोने का समय नहीं है, उठो और मेरे साथ खेलो।यह सुनते ही उनका मृत मित्र पुनः जीवित होकर खड़ा हो गया। जिससे हर कोई अचंभित हो गया । रविदास जैसे जैसे बड़े हुए भगवान राम के रूप के प्रति उनकी भक्ति बढ़ती गई। वे हमेशा राम, रघुनाथ, राजाराम चन्द्र, कृष्णा, हरी, गोविन्द आदि शब्दो का उपयोग करते थे,जो उनके धार्मिक होने का प्रमाण है। संत रविदास उस समय की कृष्ण भक्त मीरा बाई के धार्मिक गुरु भी थे। मीरा बाई राजस्थान के राजा की बेटी और चित्तोर की रानी थी। वे रविदास की शिक्षा से बहुत प्रभावित थी और वे रविदास की एक बड़ी अनुयायी बन गई । मीरा बाई ने अपने गुरु के सम्मान में कुछ पक्तियां भी लिखी थी, 'गुरु मिलया रविदास जी..' । मीरा बाई अपने दादा के साथ रविदास से मिलती रहती थी।एक दिन बार संत रविदास अपनी कुटिया में बैठे प्रभु स्मरण के साथ अपना कार्य कर रहे थे, तभी एक ब्राह्मण उनकी कुटिया पर आया और उनसे बोला कि वह गंगा स्नान करने जा रहा है, रास्ते में आपकी कुटिया दिखाई दी तो दर्शन करने चला आया। रविदास ने कहा कि आप गंगा स्नान करने जा रहे हैं, यह एक मुद्रा है, इसे मेरी तरफ से गंगा मैया को दे देना। ब्राह्मण जब गंगा तट पहुंचा और स्नान करके जैसे ही रुपया गंगा में डालने को उद्यत हुआ तो गंगा नदी में से गंगा मैया ने जल में से अपना हाथ निकालकर वह रुपया ब्राह्मण से ले लिया तथा उसके बदले ब्राह्मण को एक सोने का कंगन दे दिया।ब्राह्मण जब गंगा मैया का दिया कंगन लेकर लौट रहा था तो वह नगर के राजा से मिलने चला गया। ब्राह्मण को विचार आया कि यदि यह कंगन राजा को दे दिया जाए तो राजा बहुत प्रसन्न होगा। उसने वह कंगन राजा को भेंट कर दिया। राजा ने बहुत-सी मुद्राएं देकर उसकी झोली भर दी।

ब्राह्मण अपने घर चला गया। इधर राजा ने वह कंगन अपनी महारानी के हाथ में बहुत प्रेम से पहनाया तो महारानी बहुत खुश हुई और राजा से बोली कि कंगन तो बहुत सुंदर है, परंतु यह क्या एक ही कंगन है, क्या आप ऐसा ही एक और कंगन नहीं मंगा सकते?

राजा ने अपनी रानी को ऐसा ही एक और कंगन मंगवा कर देने का भरोसा दिया। राजा ने उसी ब्राह्मण को खबर भिजवाई कि जैसा कंगन मुझे भेंट किया था वैसा ही एक और कंगन उन्हें तीन दिन में लाकर दो वरना राजा के दंड भोगना पड़ेगा। यह सुनते ही ब्राह्मण के होश उड़ गए। वह पछताने लगा कि मैं व्यर्थ ही राजा के पास गया,अब दूसरा कंगन कहां से लाऊं? वह रविदास की कुटिया पर पहुंचा और उन्हें पूरा वृत्तांत बताया कि गंगा ने आपकी दी हुई मुद्रा स्वीकार करके मुझे एक सोने का कंगन दिया था, वह मैंने राजा को भेंट कर दिया था। अब राजा ने मुझसे वैसा ही कंगन मांगा है, यदि तीन दिन में राजा को दूसरा कंगन नहीं दिया तो राजा उन्हें कठोर दंड देगा।

यह सुन संत रविदास ने अपनी वह कठौती उठाई जिसमें वे चर्म गलाते थे। उसमें जल भरा हुआ था।उन्होंने गंगा मैया का आह्वान कर अपनी कठौती से जल छिड़का तो गंगा मैया प्रकट हो गई।रविदास के आग्रह पर गंगा ने एक और कंगन ब्राह्मण को दे दिया। ब्राह्मण खुश होकर राजा को वह कंगन भेंट करने चला गया, ऐसे थे महान संत थे गुरु रविदास ।

'मन चंगा तो कठौती में गंगा'

संत रविदास की यह कहावत बहुत प्रसिद्ध है। इस कहावत के द्वारा संत रविदास मन की पवित्रता पर जोर देते हैं। सन्त रविदास कहते हैं, जिस व्यक्ति का मन पवित्र होता है, उसके बुलाने पर मां गंगा एक कठौती में भी आ जाती हैं।यह बात संत रविदास ने सिद्ध भी की।वही रविदास कहते है,

ब्राह्मण मत पूजिए जो होवे गुणहीन,
पूजिए चरण चंडाल के जो होने गुण प्रवीन।।

तभी तो कहा जाता है कि परमात्मा भी जब जब धरा पर पाप बढ़ते है तो भारत मे ही साधारण तन में आकर जगत का कल्याण करते है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं आध्यात्मिक चिंतक है)



# पब्लिक प्लेस में छोटे कपड़े पहनने पर होगी सजा? दिल्ली कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला



नई दिल्ली (ए.)। अदालत ने 4 फरवरी को फैसला सुनाते हुए आगे कहा कि कार्रवाई केवल तभी की जा सकती है जब नृत्य से जनता को परेशानी हो। पहाड़गंज पुलिस ने महिलाओं पर भारतीय दंड संहिता की धारा 294 (अश्लील हरकतें और गाने) के तहत आरोप लगाया था। यह कहते हुए कि सार्वजनिक रूप से छोटे कपड़े पहनना कोई अपराध नहीं है, दिल्ली की एक अदालत ने सात महिलाओं को बरी कर दिया, जिन पर पिछले साल एक बार में अश्लील नृत्य करने का आरोप लगाया गया था। अदालत ने 4 फरवरी को फैसला सुनाते हुए आगे कहा कि कार्रवाई केवल तभी की जा सकती है जब नृत्य से जनता को परेशानी हो। पहाड़गंज पुलिस ने महिलाओं पर भारतीय दंड संहिता की धारा 294 (अश्लील हरकतें और गाने) के तहत आरोप लगाया था। मामला एक स्थानीय पुलिस अधिकारी की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था, जो गश्त ड्यूटी के दौरान बार में आया था। सब-इंस्पेक्टर धर्मेंद्र ने अपनी शिकायत में कहा कि आरोपी छोटे कपड़ों में अश्लील गानों पर डांस कर रहे थे। अदालत ने कहा कि पुलिसकर्मी कोई भी गवाह उपलब्ध कराने में विफल रहा जो उक्त कृत्य से नाराज था। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष के दो गवाहों ने कहा कि वे मौज-मस्ती के लिए बार गए थे और उन्हें मामले के बारे में कुछ भी पता नहीं था। अदालत ने आगे बताया कि पुलिसकर्मी यह दिखाने के लिए कुछ भी प्रदान करने में विफल रहा कि वह दिए गए समय पर बताए गए स्थान पर गश्त ड्यूटी पर था। उनके बयान या किसी अन्य प्रासंगिक दस्तावेज़ का समर्थन करने वाले ड्यूटी रोस्टर के अभाव में, अदालत ने कहा कि वह केवल पुलिसकर्मी के मौखिक बयान को कोई महत्व देने के लिए बाध्य नहीं है। अदालत ने अभियोजन पक्ष की कहानी पर संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि वे कोई विश्वसनीय गवाह उपलब्ध कराने में विफल रहे। पुलिस गवाहों ने कहीं भी यह दावा नहीं किया कि उन्होंने कभी ऐसा कोई प्रयास किया। स्पष्ट रूप से, वे विश्वसनीय गवाह नहीं हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि उनके पास मनगढ़ंत कहानी है।

## सीएम योगी की दो टूक, ' जो हमेशा वीआईपी कल्चर में रहे हैं, वो कुंभ को लेकर नकारात्मकता फैला रहे'

लखनऊ, (आरएनएस)। महाकुंभ को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान सामने आया है। महाकुंभ से जुड़े कुछ नकारात्मक विचारों और सवालों पर तीखा विरोध करते हुए सीएम योगी ने कहा कि ये वे ही लोग हैं जो हमेशा वीआईपी कल्चर में रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 29 दिनों में महाकुंभ में 45 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है, जबकि कुछ लोग झूठी खबरें फैला रहे हैं और सनातन धर्म के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। इससे पहले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव पर निशाना लगाते हुए उन्हें संकीर्ण सोच का आरोप लगाया। मौर्य ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, अखिलेश यादव जी, महाकुंभ को लेकर अनर्गल प्रलाप बंद कीजिए! संपूर्ण देश से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने आ रहे हैं। सरकार और भाजपा कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के संकल्प के साथ दिन-रात श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हैं। आपकी राजनीति आस्था और व्यवस्थाओं को नीचा दिखाने तक ही सीमित रह गई है। महाकुंभ भारतीय संस्कृति का गौरव है, और इस पर सवाल उठाकर आप अपनी संकीर्ण सोच ही दर्शा रहे हैं!देश और दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का आगमन महाकुंभ में जारी है।

## जयपुर की लो-फ्लोर बस में सांड की वजह से हंगामा

जयपुर (आरएनएस)। जयपुर में सोमवार रात एक अजीबो-गरीब घटना घटी, जब लो-फ्लोर बस को सवारियों की नहीं, बल्कि एक गुस्साए सांड की मेहमाननवाजी करनी पड़ी। हरमाड़ा थाना इलाके के टोड़ी मोड़ पर दो सांडों के आपसी संघर्ष का मैदान बस के अंदर जा पहुंचा, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया।सूत्रों के मुताबिक रात करीब 8:30 बजे अजमेरी गेट से हरमाड़ा के लिए रवाना हुई बस जब टोड़ी मोड़ पर रुकी, तभी दो झगड़ते सांड वहां आ धमके। इनमें से एक सांड बस में घुस गया, जिससे अंदर बैठी गिनी-चुनी सवारियों की सांसें अटक गईं। जान बचाने के लिए लोग खिड़कियों से कूदने लगे, जबकि ड्राइवर और कंडक्टर भी दरवाजे से निकलकर भाग निकले। बस के अंदर घुसे सांड ने शीशे तोड़ दिए और अंदर जमकर उत्पात मचाया। वहीं, दूसरा सांड बस के दरवाजे पर खड़ा रहा, जिससे कोई दोबारा बस के पास फटकने की हिम्मत नहीं कर सका। स्थानीय लोग बस को भगाने के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन ड्राइवर-कंडक्टर की गैरमौजूदगी में कोई उसे हिला भी नहीं सका।

## माघ पूर्णिमा स्नान पर प्रयागराज महाकुंभ में होगा विशेष यातायात प्रबंध

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। प्रयागराज महाकुंभ में माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व को देखते हुए प्रशासन ने विशेष यातायात योजना बनाई है। इसके अंतर्गत, 11 फरवरी 2025 की सुबह 4:00 बजे से संपूर्ण मेला क्षेत्र को 'नो व्हीकल जोन' घोषित किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम स्नान के लिए केवल आवश्यक एवं आकस्मिक सेवाओं को ही प्रवेश की अनुमति होगी। प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं के निजी व सार्वजनिक वाहनों को 11 फरवरी को सुबह 4:00 बजे के बाद संबंधित रूट की पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। इससे शहर में यातायात अव्यवस्था न हो और श्रद्धालु पैदल सुगमता से स्नान घाटों तक पहुंच सकेंगे। श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने 11 फरवरी की शाम 5:00 बजे से पूरे प्रयागराज शहर को भी 'नो व्हीकल जोन' घोषित किया है। केवल आपातकालीन सेवाओं को इस प्रतिबंध से छूट दी जाएगी। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष यातायात योजना 12 फरवरी को स्नान संपन्न होने तक लागू रहेगी। महाकुंभ में कल्पवास कर रहे श्रद्धालुओं के वाहनों पर भी यह नियम लागू रहेगा। प्रशासन ने सभी कल्पवासियों से अनुरोध किया है कि वे नियमों का पालन करें और अधिकृत पार्किंग स्थलों का उपयोग करें। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सहयोग दें, ताकि महाकुंभ का यह महत्वपूर्ण स्नान पर्व सुगमतापूर्वक संपन्न हो सके।

## आंध्र प्रदेश : इंजीनियरिंग छात्रा से बलात्कार और ब्लैकमेल करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

विजयवाड़ा (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले में पुलिस ने सोमवार को एक इंजीनियरिंग छात्रा से बलात्कार और ब्लैकमेल करने के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया ।आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।बीटेक की छात्रा द्वारा नंदीगामा ग्रामीण पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई। जिसके बाद पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया ।पुलिस के अनुसार, पीड़िता परिटाला के एक छात्रावास में रहती थी और एनटीआर जिले के कांचीकाचेरला स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज में द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही थी ।हिरासत में भेजे गए लोगों में शेख गली सईदा, शेख हुसैन और चिंतला प्रभु कुमार शामिल हैं ।लड़की अपने दोस्त प्रभु कुमार के बहुत करीब थी और वे अक्सर रेस्तरां में जाते थे। प्रभु कुमार ने हाल ही में अपने दोस्त हुसैन को लड़की से मिलवाया। कुछ दिनों के बाद हुसैन ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया और उसे लंच पर बाहर ले गया ।उसी क्षेत्र में रहने वाले सईदा ने लड़की से दोस्ती की और उसे बताया कि हुसैन और प्रभु बुरे चरित्र के हैं तथा उसे उनसे दूर रहना चाहिए। सईदा ने 12 जनवरी को लड़की को अपने घर पर एक समारोह में बुलाया था। जब लड़की उसके घर पहुंची तो वह अकेला था। उसने लड़की का यौन शोषण किया और उसकी अश्लील तस्वीरें और वीडियो बना लिए। बाद में उसने इसे हुसैन और प्रभु के साथ साझा किया। अश्लील वीडियो और तस्वीरों का इस्तेमाल करते हुए हुसैन और प्रभु ने लड़की को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और यौन संबंधों की मांग की। ब्लैकमेल बर्दाश्त न कर पाने पर लड़की ने पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। उसके बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तीनों आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बेंगलुरु में इटली के रक्षा अवर सचिव माटेओ पेरेगो डि क्रेमनागो के साथ द्विपक्षीय बैठक की.

# जम्मू के अखनूर सेक्टर में आईईडी विस्फोट, सेना के 2 जवान शहीद



श्रीनगर (ए.)। भारतीय सेना ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में एक संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) फटने से कम से कम दो सैनिकों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। यह धमाका दोपहर साढ़े तीन बजे एलओसी के पास हुआ जहां सेना के जवान गश्त अभियान चला रहे थे। विस्फोट के बाद, नियंत्रण रेखा पर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू करने के लिए और अधिक सैनिकों को तैनात किया गया है। एक घायल सैनिक को इलाज के लिए हवाई मार्ग से नजदीकी सेना अस्पताल ले जाया गया है। एक एक्स पोस्ट में व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने कहा कि इलाके में सेना का दबदबा है और तलाशी अभियान जारी है। इसमें कहा गया कि अखनूर सेक्टर के लालेली में बाड़ पर गश्त के दौरान संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस विस्फोट की सूचना मिली, जिसके परिणामस्वरूप कथित तौर पर दो लोगों की मौत हो गई। हमारे अपने सैनिक इलाके पर हावी हैं और तलाशी अभियान जारी है। व्हाइट नाइट कोर दो वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करता है और श्रद्धांजलि देता है।

## प्रदेश में किसान और गरीबों को नहीं मिल रही कोई राहत : रामदास अठावले

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार आम आदमी पार्टी के लिए बहुत बड़ा झटका है, उन्होंने कहा कि पंजाब आप के हाथ से फिसल जाएगा। अठावले ने एएनआई से कहा दिल्ली की हार अरविंद केजरीवाल के लिए बहुत बड़ा झटका है। पंजाब की हालत भी ठीक नहीं है। किसानों और गरीबों को कोई राहत नहीं है। दिल्ली चुनाव को देखते हुए अरविंद केजरीवाल को लगता है कि कुछ गड़बड़ी हो सकती है और इसीलिए उन्होंने बैठक बुलाई होगी।

## राष्ट्रीय महिला आयोग ने रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना को किया तलब, 17 फरवरी को होगी सुनवाई



नई दिल्ली (ए.)। इंडियाज गॉट लेटेस्ट विवाद के बीच राष्ट्रीय महिला आयोग ने रणवीर अल्लाहबादिया, समय रैना और अन्य को तलब किया है और कथित तौर पर यूट्यूबर्स द्वारा की गई अपमानजनक और नस्लवादी टिप्पणियों पर कड़ी चिंता व्यक्त की है। रणवीर अल्लाहबादिया, समय रैना, अपूर्व मखीजा, जसप्रीत सिंह और आशीष चंचलानी के साथ-साथ शो के निर्माताओं तुषार पुजारी और सौरभ बोथरा सहित सामग्री रचनाकारों द्वारा की गई अपमानजनक और अनुचित टिप्पणियों ने आयोग का महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने अपमानजनक टिप्पणियों पर यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना और अन्य को समन भेजा; सुनवाई 17 फरवरी को होनी है। एनसीडब्ल्यू के पत्र में कहा गया है, विशेष रूप से ऐसे समाज में जो एक-दूसरे के लिए समानता और सम्मान को महत्व देता है, ये टिप्पणियां, जिन्होंने तीव्र सार्वजनिक आक्रोश भड़काया है, उस गरिमा और सम्मान का उल्लंघन करती हैं जिसका हर व्यक्ति हकदार है। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष श्रीमती के निर्देशों के अनुसार, इंडियाज गॉट लेटेंट पर सामग्री प्रदाताओं के विवादास्पद बयान पर चर्चा करने के लिए एक सुनवाई की स्थापना की गई है। विजया रहाटकर. सुनवाई 17 फरवरी, 2025 को दोपहर 12:00 बजे न्यूयॉर्क में NCW कार्यालय में होगी। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर राहतकर ने कहा कि उन्होंने जिस भाषा का इस्तेमाल किया है वह अश्लील है और इसका इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए. हम इसे लेकर काफी गंभीर हैं और हमने आईटी मंत्री को पत्र लिखकर ऐसे प्लेटफॉर्मों पर इसे नियंत्रित करने के लिए नियमों का एक सेट बनाने के लिए लिखा है।

# ईवीएम से डेटा डिलीट न करें, चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश



नई दिल्ली (ए)। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से उस याचिका पर 15 दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है, जिसमें पोल पैनल को ईवीएम की जली हुई मेमोरी की जांच और सत्यापन को उनकी मानक संचालन प्रक्रियाओं में शामिल करने का निर्देश देने की मांग की गई है। कृपया डेटा मिटाएं नहीं और डेटा पुनः लोड करें। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि किसी को जांच करने दीजिए। आवेदन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा दायर किया गया था। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने बुधवार को मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान, एडीआर की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि हम मांग कर रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार ईसीआई को जो प्रक्रिया अपनाने की जरूरत है वह उनके मानक ऑपरेटिंग प्रोटोकॉल के अनुरूप हो। हम जो चाहते हैं वह यह है कि किसी को ईवीएम के सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर की जांच करनी चाहिए ताकि यह देखा जा सके कि सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में हेरफेर का कोई तत्व है या नहीं। मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने पूछा कि एक बार वोट गिने जाने के बाद क्या पेपर ट्रेल वहीं रहेगा या निकाल लिया जाएगा? भूषण ने जवाब दिया, उन्हें ईवीएम को भी बचाना चाहिए, पेपर ट्रेल को भी बचाना चाहिए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, अदालत ने अपने पहले के आदेश को स्पष्ट करते हुए कहा कि हम नहीं चाहते थे कि गिनती तक कोई गड़बड़ी हो (पहले के आदेश के माध्यम से) साथ ही, हम चाहते थे (देखें) कि क्या किसी को कोई संदेह है। हम नहीं चाहते थे कि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की जाए, हम चाहते थे कि शायद इंजीनियरिंग यह बता सके कि क्या कोई छेड़छाड़ हुई है। इसके बाद अदालत ने चुनाव आयोग को अगले 15 दिनों में याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

## बजट पर चर्चा का वित्त मंत्री ने दिया जवाब, भोजपुरी को 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

नई दिल्ली (ए.)। संसद का बजट सत्र का पहला भाग चल रहा है। यह 31 जनवरी को शुरू हुआ और 13 फरवरी तक चलेगा। दूसरा सत्र 10 मार्च को फिर से शुरू होगा और 4 अप्रैल तक चलेगा। प्रश्नकाल और शून्यकाल के समापन के बाद आज राज्यसभा और लोकसभा ने केंद्रीय बजट 2025-26 पर चर्चा जारी रखी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बजट पर चर्चा का जवाब दिया। भाजपा की सांसद हेमा मालिनी ने प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन की व्यवस्था से जुड़े विपक्ष के दावों को खारिज करते हुए मंगलवार को लोकसभा में कहा कि वहां सबकुछ ठीक है और वह खुद वहां जाकर यह देख चुकी हैं। इसके साथ ही मालदीव की संसद के स्पीकर अब्दुल रहीम अब्दुल्ला ने अपने संसदीय शिष्टमंडल के साथ मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही देखी।

## बिहार के पूर्वी चंपारण में दवा खाने से दो दर्जन से अधिक छात्र बीमार

पटना ,(आरएनएस)। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के एक सरकारी स्कूल में सोमवार को एल्बेंडाजोल की गोली खाने के बाद दो दर्जन से अधिक छात्र बीमार हो गए। यह घटना मधुबन प्रखंड के कोइलहारा गांव स्थित 'उत्क्रमित मध्य विद्यालय' में हुई। घटना के बाद छात्रों की तबीयत बिगड़ने से उनके अभिभावक घबरा गए और उन्होंने स्कूल में हंगामा किया। गुस्साए अभिभावकों ने कुछ समय के लिए स्कूल के सभी शिक्षकों को बंधक बना लिया। स्थिति को संभालने के लिए एक मेडिकल टीम तुरंत स्कूल पहुंची और बीमार छात्रों को इलाज के लिए मधुबन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। इलाज के बाद सभी छात्रों की हालत में सुधार हुआ। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग पूरे जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चला रहा है, जिसमें सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को एल्बेंडाजोल और डीसी फोर्ट की दवा दी जा रही है। सोमवार को दवा लेने के बाद कई बच्चों ने उल्टी और पेट दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा ।मेडिकल टीम ने सभी प्रभावित छात्रों का तुरंत इलाज किया। जिन बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया उनमें अंशु कुमारी, अदिति कुमारी, ज्योति कुमारी, साहीदा खातून, लाडली प्रवीण, कुसमुन खातून, अन्या प्रवीण, सान्या रानी, रंजन कुमार, साई राजा, नबी हसन, अरबाज आलम और कुदुस आलम शामिल हैं। इलाज के बाद अधिकतर बच्चों की तबीयत ठीक हो गई और कुछ को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हालांकि, कुछ बच्चे अभी भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी इंद्रजीत कुमार ने कहा कि बच्चों की हालत स्थिर है और सभी को उचित उपचार दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग इस घटना की जांच कर रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि बच्चों की तबीयत खराब होने की वजह दवा को न झेल पाना थी या फिर किसी प्रशासनिक चूक के कारण ऐसा हुआ।




बेंगलुरु के येलहंका वायुसेना स्टेशन पर एयरो इंडिया 2025 के दौरान प्रदर्शनी में अग्निका एच-3 और अग्निका 2एच का प्रदर्शन.

## इंफाल और तेंगनौपाल जिलों में सुरक्षा बलों ने नौ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया

इंफाल (ए.)। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम और तेंगनौपाल जिलों से नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के दो उग्रवादियों को सोमवार को इंफाल पश्चिम जिले के रूपमहल टैंक इलाके से गिरफ्तार किया गया। वे रूपमहल टैंक क्षेत्र में जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल थे। एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (कोइरेंग) और पीआरईपीएके के दो उग्रवादियों को रविवार को तेंगनौपाल जिले से गिरफ्तार किया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम और तेंगनौपाल जिलों से नौ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को इंफाल पश्चिम के रूपमहल टैंक क्षेत्र से प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (अपुनबा) के दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया।

## महाकुंभ हादसे से सरकार को लेना चाहिए सबक, सुरक्षा व्यवस्था बड़ी जिम्मेदारी - विक्रमादित्य सिंह

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने महाकुंभ को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से वहां गया था ,तब स्थिति सामान्य थी। लेकिन जिस तरह की खबरें सामने आ रही हैं, वो ठीक नहीं हैं। बीते कुछ दिनों से जो जानकारी सामने आ रही है, वो काफी भयावह है। वहां पर काफी हड़कंप की खबरें सामने आ रही हैं। वहीं ट्रैफिक में भी समस्या हो रही है, ऐसे में मेरा यही कहना है कि प्रदेश सरकार को बड़ा कदम उठाना चाहिए। पूरे देश और विश्व से लोग आ रहे हैं और स्थिति को सामान्य बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि पहले भी शुरुआती दिनों में कई लोगों की दुखद मृत्यु हुई है, इससे सबक लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पुख्ता इंतजाम के साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट किया जाना चाहिए। साथ ही स्थिति को सामान्य बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि लाखों की संख्या में लोग वहां स्नान करने के लिए पहुंच रहे हैं। 26 फरवरी तक महास्नान होना है, ऐसे में सरकार को देखना चाहिए कि कोई अप्रिय अनहोनी न हो। हिमाचल प्रदेश के भी काफी लोग महाकुंभ जा रहे हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षित वापसी हम सब की जिम्मेदारी है। मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने दिल्ली में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए भाजपा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी खुद को मजबूत करेगी और एक ताकत बनकर उभरेगी। वहीं, हिमाचल प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश की राजधानी में शानदार जीत हासिल की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बधाई दी और दिल्ली के लोगों का उनके समर्थन के लिए आभार किया।

# इम्तियाज अली और संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हैं रश्मि देसाई

***अभिनेत्री रश्मि देसाई कई सफल टीवी शो में काम कर चुकी हैं। हालांकि, कुछ निर्देशकों के साथ वह काम नहीं कर पाई हैं। उन्होंने अपनी ख्वाहिश का इजहार किया और बताया कि कौन-कौन से निर्देशकों के साथ वह काम करना चाहती हैं।***



रश्मि देसाई ने कहा, मैंने यह कई बार कहा है और आज फिर कहूंगी। मैं इम्तियाज अली और संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हूं। मैं ऑडिशन देने के लिए तैयार हूं और मुझे उम्मीद है कि मुझे इस जीवन में उनके साथ काम करने का अवसर जरूर मिलेगा। जिस तरह से वे लोगों को जीवन के प्रति एक नया नजरिया देते हैं, वह बहुत खूबसूरत है।

उनसे जब यह पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि बॉलीवुड, टीवी कलाकारों को टाइपकास्ट करता है। इस पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा, वे करते हैं, कठिनाई जीवन का एक हिस्सा है। जब आप कड़ी मेहनत करते हैं, जब आप अच्छा काम करते हैं, तो आपको अपने परिश्रम का फल जरूर मिलता है। आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वे आपको टीवी एक्टर, ओटीटी एक्टर, फिल्म एक्टर बनाते हैं, लेकिन मुझे लगता है, एक एक्टर एक एक्टर है।

रश्मि देसाई आखिरी बार व्यंग्य एक्शन कॉमेडी 'हिसाब बराबर' में नजर आई थीं। फिल्म की कहानी लिखने के साथ निर्देशन भी अश्विनी धीर ने ही किया। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियो ने एसपी सिनेकॉर्प के सहयोग से किया है।

रश्मि देसाई के साथ इस प्रोजेक्ट में आर. माधवन मुख्य भूमिका में हैं। इसके साथ ही फिल्म में नील नितिन मुकेश, कीर्ति कुल्हारी और फैजल राशिद समेत अन्य कलाकार महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।फिल्म की कहानी एक रेलवे टिकट परीक्षक राधे मोहन शर्मा पर आधारित है, जो अपने बैंक खाते में एक छोटी सी गड़बड़ी को नोटिस करता है। इस मुद्दे को सुलझाने के अपने प्रयास के दौरान वह एक बैंकर मिकी मेहता से जुड़े एक बड़े वित्तीय घोटाले का पर्दाफाश करता है।

'हिसाब बराबर' का प्रीमियर 26 नवंबर 2024 को गोवा में भारत के 55वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था। फिल्म को 24 जनवरी 2025 को जी5 पर रिलीज किया गया था।

## यामी गौतम की धूम धाम का नया प्रोमो जारी, 14 फरवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होगी प्रीमियर

अभिनेत्री यामी गौतम को पिछली बार फिल्म आर्टिकल 370 में देखा गया था। इस फिल्म में उनकी काम की खूब तारीफ हुई थी, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी।



पिछले कुछ दिनों से यामी अपनी आगामी फिल्म धूम धाम को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेता प्रतीक गांधी के साथ बनी है और यह दोनों के बीच पहला सहयोग है।

अब निर्माताओं ने धूम धाम का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया है।

सामने आए प्रोमो में यामी और प्रतीक की झलक दिख रही है। दोनों खूब मस्ती करते नजर आ रहे है। यह रोमांस और कॉमेडी से भरपूर मनोरंजक फिल्म है, जिसमें शादी के इर्द-गिर्द मस्ती भरी कहानी पेश की जाएगी।

फिल्म के लेखक यामी के पति आदित्य धर हैं, वहीं ऋषभ सेठ इसके निर्देशक हैं। बता दें कि धूम धाम का प्रीमियर 14 फरवरी, 2025 से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है।

## बॉक्स ऑफिस पर स्काई फोर्स की कमाई तीसरे सप्ताह में भी जारी, देवा की कमाई में मामुली बढ़ोतरी




अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया और सारा अली खान जैसे बड़े सितारों से सजी फिल्म स्काई फोर्स को सिनेमाघरों में रिलीज का तीसरा सप्ताह चल रहा है और यह दर्शकों के बीच पकड़ मजबूत बनाए हुए है। यह फिल्म पहले ही दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।स्काई फोर्स इस साल की सुपरहिट फिल्मों की सूची में अपना नाम दर्ज करवा चुकी है।

आइए बताते हैं इस फिल्म ने 17वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, स्काई फोर्स ने अपनी रिलीज के 17वें दिन यानी तीसरे रविवार को 1.85 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 129.3 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म का अनुमानित बजट 160 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।गौरतलब है कि अक्षय पिछले काफी समय से एक हिट फिल्म के लिए तरस रहे हैं और अब आखिरकार स्काई फोर्स उनके लिए संजीवनी बूटी बनकर आई है।

दूसरी ओर शाहिद कपूर की फिल्म देवा को बीते 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही है।इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्साह था, लेकिन यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई। फिल्म के कारोबार में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा।अब देवा की कमाई के 10वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, देवा ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे रविवार को 1.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 31.75 करोड़ रुपये हो

## अदिवी शेष की पैन-इंडिया फिल्म गुडाचारी 2 से जुड़ीं वामिका गब्बी, पहली झलक आई सामने

विनय कुमार सिरिगिनीदी द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित स्पाई थ्रिलर जी2, डायनामिक अदिवी शेष के साथ एक सिनेमेटिक ट्रीट बनने का वादा करती है, जो स्पाई थ्रिलर का नेतृत्व करती है. इस महत्वकांक्षी पैन इंडिया एक्शन फ्रैंचाइज में उनके साथ इमरान हाशमी के साथ वामिका गब्बी भी शामिल हैं.



मेकर्स द्वारा वामिका की विशेषता वाला एक नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें उन्हें अदिवी शेष के साथ एक शक्तिशाली और रहस्यमय पोज में दिखाया गया है और इस प्रभावशाली स्टारकास्ट के साथ, जी2 एक ट्रू पैन इंडिया स्पेक्टेकल बनने जा रहा है.

पोस्टर में फैंस के लिए आने वाली गहन और मनोरंजक कहानी का संकेत दिया गया है, जिसमें वामिका रहस्यमयी अदिवी शेष के विपरीत मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, जो इस फ्रैंचाइज को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी. उनका किरदार स्पाई थ्रिलर में एक नया, डायनामिक लेयर जोड़ने का वादा करता है.

स्टाइलिश स्पाई के रूप में अपनी भूमिका को दोहराने वाले अदिवी शेष और वामिका गब्बी और इमरान हाशमी के साथ मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागड्डा और मधु शालिनी जैसे कई बेहतरीन कलाकार शामिल हैं. साथ में, वे एक्शन, सस्पेंस और रोमांचक ड्रामा से भरपूर सिनेमाई अनुभव का वादा करते हैं.

टी जी विश्व प्रसाद और अभिषेक अग्रवाल द्वारा निर्मित, पीपल मीडिया फैक्ट्री, अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स - और एके एंटरटेनमेंट्स के तहत, जी2 एक पैन इंडियन असाधारण फिल्म बनने के लिए तैयार है, जो तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी. पावरहाउस कास्ट और स्पाई थ्रिलर जॉनर को फिर से परिभाषित करने वाली कहानी के साथ, फैंस जी2 के रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

## विदामुयार्ची 2025 के टॉप 5 हाईएस्ट ग्रॉसर में शामिल, पहले वीकेंड में इन देशों में की ताबड़तोड़ कमाई

साउथ सुपरस्टार अजित कुमार की हालिया फिल्म विदामुयार्ची बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रन कर रही हैं. फिल्म दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 100 का आंकड़ा पार कर ली है. वही, घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इसने 60 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है.

सैकनिल्क रिपोर्ट के मुताबिक, अजित कुमार, तृषा कृष्णन की नई फिल्म विदामुयार्ची 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई. फिल्म ने पहले दिन भारत में 26 करोड़ रुपये के साथ ओपनिंग की. वहीं नार्थ अमेरिका में सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बनकर उभरी.

मगिज थिरुमेनी की निर्देशित फिल्म ने दूसरे दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 10.25 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. शनिवार को फिल्म के कलेक्शन में बढ़ोतरी देखी गई. तीसरे दिन फिल्म ने 13.5 करोड़ रुपये कमाए. हालांकि चौथे दिन फिल्म के कलेक्शन में 11.70 प्रतिशत की गिरावट हुई और फिल्म ने 11.92 करोड़ रुपये ही कमा पाई. इन 4 दिनों के बाद विदामुयार्ची का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल 61.67 करोड़ रुपये हो गया है. एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री ट्रैकर रमेश बाला ने विदामुयार्ची का वीकेंड कलेक्शन साझा किया है.

रिपोर्ट के मुताबिक, न्यूजीलैंड में विदामुयार्ची पहले ही वीकेंड में एके की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. इसने न्यूजीलैंड में पहले वीकेंड में लगभग 21 लाख रुपये कमाए हैं. साथ सऊदी अरब में विदामुयार्ची एके की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है.

रिपोर्ट के मुताबिक, विदामुयार्ची 2025 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्म बन गई है और भारतीय सिनेमा की टॉप 5 फिल्मों की लिस्ट में भी शामिल हो गई है. लिस्ट में शामिल अन्य फिल्मों में संक्रांतिकी वस्तुनम, गेम चेंजर, स्काई फोर्स और डाकू महाराज शामिल हैं. विदामुयार्ची के 21 फरवरी तक बिना किसी बाधा के चलने की उम्मीद है, क्योंकि इस बीच कोई भी बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है.

# ब्यूटी ब्लेंडर को आसानी से साफ करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



ब्यूटी ब्लेंडर का उपयोग मेकअप में एक अहम भूमिका निभाता है। यह चेहरे पर मेकअप को समान रूप से लगाने में मदद करता है, लेकिन इसका सही तरीके से सफाई करना भी उतना ही जरूरी है।

अगर इसे ठीक से साफ नहीं किया जाए तो यह बैक्टीरिया का घर बन सकता है और त्वचा पर दाने या संक्रमण पैदा कर सकता है।

आइए आज हम आपको ब्यूटी ब्लेंडर को आसानी से साफ करने की कुछ सरल टिप्स देते हैं।

### गुनगुने पानी और साबुन का उपयोग करें

ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए सबसे आसान तरीका गुनगुने पानी और साबुन का उपयोग करना है।

लाभ के लिए सबसे पहले एक कटोरी में गुनगुना पानी लें और उसमें थोड़ा सा माइल्ड फेसवॉश या बेबी शैंपू मिलाएं। अब अपने ब्यूटी ब्लेंडर को इस मिश्रण में डुबोएं और हल्के हाथों से निचोड़ें ताकि सारा मेकअप निकल जाए। इसके बाद इसे साफ पानी में धोकर सुखा लें।

### माइक्रोवेव विधि अपनाएं

माइक्रोवेव विधि ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए असरदार है।

इसके लिए एक माइक्रोवेव-सुरक्षित कप में पानी भरें और उसमें थोड़ा लिक्विड सोप मिलाएं। अब ब्यूटी ब्लेंडर को इसमें डालकर कप को माइक्रोवेव में 30 सेकंड तक गर्म करें। इस प्रक्रिया से बैक्टीरिया मर जाते हैं और स्पंज पूरी तरह साफ हो जाता है।

ध्यान रखें कि कप को माइक्रोवेव से निकालते समय सावधानी बरतें क्योंकि यह गर्म हो सकता है।

### जैतून के तेल का प्रयोग करें

अगर आपके ब्यूटी ब्लेंडर पर जिद्दी दाग हैं तो जैतून तेल आपकी मदद कर सकता है।

एक प्लेट में थोड़ा जैतून तेल डालें और उसमें स्पंज को घुमाएं ताकि तेल हर जगह लग जाए। यह प्रक्रिया दागों को ढीला करने में मदद करती है। इसके बाद इसे साबुन वाले पानी में अच्छी तरह से धोएं ताकि सारा तेल और दाग निकल जाएं।

यह तरीका आपके स्पंज को मुलायम बनाए रखेगा और उसकी सफाई भी सुनिश्चित करेगा।

### सिरका और नींबू का मिश्रण आजमाएं

सिरका और नींबू का मिश्रण ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए एक बेहतरीन उपाय है। ये प्राकृतिक क्लीनिंग एजेंट्स बैक्टीरिया हटाने में मदद करते हैं।

एक कटोरी में बराबर मात्रा में सिरका और नींबू का रस मिलाएं, फिर इसमें अपने ब्यूटी ब्लेंडर को कुछ मिनटों के लिए भिगो दें ताकि गंदगी ढीली हो जाए। इसके बाद इसे ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें। यह प्रक्रिया आपके स्पंज को साफ कर देती है।

### ब्रश क्लीनिंग पैड का इस्तेमाल करें

ब्रश क्लीनिंग पैड का उपयोग ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए बहुत कारगर होता है।सबसे पहले पैड पर हल्का साबुन लगाएं, फिर अपने स्पंज को इस पर गोल-गोल घुमाते हुए रगड़ें। इससे स्पंज में फंसी गंदगी आसानी से बाहर आ जाती है और वह पूरी तरह से साफ हो जाता है।इसके बाद इसे साफ पानी में अच्छी तरह धो लें और फिर सूखने के लिए रख दें ताकि यह दोबारा उपयोग के लिए तैयार हो सके।

# वैलेंटाइन डे पर अपने प्यार का इजहार करने के लिए आजमाएं ये 5 रचनात्मक और रोमांटिक तरीके



वैलेंटाइन डे प्यार का त्योहार है, जब लोग अपने खास व्यक्ति को अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं। इस मौके पर अगर आप भी किसी को अपना वैलेंटाइन बनाना चाहते हैं तो यह लेख आपके लिए मददगार हो सकता है। यहां हम आपको कुछ अनोखे और रोमांटिक तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने दिल की बात कह सकते हैं और अपने रिश्ते में एक नई शुरुआत कर सकते हैं।ये तरीके सरल होते हुए भी बहुत प्रभावशाली साबित हो सकते हैं।

### एक प्यारा-सा नोट लिखें

कभी-कभी शब्दों में वो जादू होता है, जो किसी और चीज में नहीं।एक प्यारा-सा नोट लिखकर आप अपनी भावनाओं को खूबसूरती से व्यक्त कर सकते हैं। इसमें आप अपनी पसंदीदा यादें साझा कर सकते हैं या फिर उनके बारे में कुछ खास बातें लिख सकते हैं, जो आपको बहुत पसंद हों।

इस नोट को एक सुंदर लिफाफे में डालकर उन्हें दें या उनके बैग में छुपा दें ताकि वे इसे अचानक पाकर खुश हो जाएं।

### फूलों के साथ सरप्राइज करें

फूल हमेशा से ही प्यार का प्रतीक रहे हैं।

गुलाब के फूलों का गुलदस्ता देकर आप अपने दिल की बात आसानी से कह सकते हैं। अगर आपके पास समय हो तो खुद जाकर फूल चुनें और उन्हें खूबसूरती से सजाएं।

इसके साथ एक छोटा सा कार्ड जोड़ें, जिसमें लिखा हो कि क्या तुम मेरी वैलेंटाइन बनोगी? यह तरीका सरल होते हुए भी बहुत प्रभावशाली होता है।

### रोमांटिक डिनर प्लान करें

अपने प्यार का इजहार करने के लिए एक खास डिनर डेट प्लान करना भी एक बेहतरीन तरीका हो सकता है।

घर पर ही कैंडल लाइट डिनर तैयार करें या फिर किसी अच्छे रेस्टोरेंट में टेबल बुक करें, जहां माहौल रोमांटिक हो।

खाने के दौरान सही समय देखकर उनसे पूछें कि क्या वे आपकी वैलेंटाइन बनना चाहेंगी? यह पल आपके रिश्ते को और मजबूत बना सकता है।

### गाने के जरिए इजहार करें

अगर आपको गाना आता है तो यह तरीका आपके लिए सबसे अच्छा साबित हो सकता है।

उनके लिए कोई खास गाना गाएं, जो आपकी भावनाओं को व्यक्त करता हो।

लाइव गाना मुश्किल लगे तो पहले से रिकॉर्ड करके भेज दें या वीडियो कॉल पर गाकर सुनाएं।

संगीत की ताकत शब्दों से ज्यादा होती है और यह आपके दिल की बात को उनके दिल तक पहुंचाने का बेहतरीन जरिया बन सकता है।

इससे आपका इजहार और भी खास बन जाएगा।

### फोटो एलबम बनाएं

अपनी भावनाओं को जाहिर करने के लिए अपने पार्टनर के साथ बिताए गए पलों की तस्वीरों का एलबम बनाकर देना भी एक अनोखा तरीका हो सकता है।

इसमें उन सभी यादगार पलों की तस्वीरें शामिल करें, जिन्हें आपने साथ बिताया हो और हर तस्वीर के नीचे कुछ प्यारे शब्द लिखें जो उस पल की अहमियत बताते हों।

अंत में उनसे पूछें कि क्या वे आपकी वैलेंटाइन बनना चाहेंगे?

# कलेक्ट्रेट में रोती रही बच्चों के साथ पहुंची महिलाऐं झोपड़ों में रह रहे लोगों को प्रशासन ने दिया नोटिस

## -साहब जमीन दो और मकान बनाने के लिए पैसा भी दो तब तोडऩा हमारे मकान
## -प्रधानमंत्री आवास योजना में भी नहीं आया है हम गरीब लोगों का नाम



सीहोर ( निप्र)। झोपड़ों में वर्षो से रह रहे लोगों को प्रशासन ने दो दिनों के अंदर जमीन खाली करने का नोटिस थमा दिया है। नोटिस में जमीन खाली नहीं करने पर प्रशासन के द्वारा झोपड़े तोडऩे की की चेतावनी भी दी गई है। प्रशासन के द्वारा दिए गए नोटिस लेकर गणेश मंदिर रोड के किनारे बीते 50 सालों से झोपड़े नुमा मकान बनाकर रहने वाले सैकड़ों महिला पुरूष और बच्चे मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर रोने लगे।महिलाओं ने कहा की हमारे नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में नहीं आए है। मकान टूट गए तो अब छोटे छोटे बच्चों को लेकर कहा जाएंगे और कहा रहेंगे,हमारे पास कहीं पर कोई जमीन मकान दुकान नहीं है। घर के पुरूष मजदूरी और गणेश मंदिर के पास छोटी दुकाने चलाकर परिवार का पालन पोषण करते है। नागरिकों ने कहा की हमारे पूर्वज इस भूमि पर लगभग 50 बरसों से रह रहे हैं,इस भूमि पर हमारी तीन पीडिता निकल चुकी है हमारे पास भारत भर में कहीं पर भी कोई भूमि या संपत्ति नहीं है। हमारे पास समग्र आईडी और पहचान पत्र भी है। हमारे पास नगर पालिका और नजूल को टैक्स की रसीदें भी है। हम यही के निवासी है। हम गरीबों को यहां से नहीं हटाया जाए वरना हमें भूखा मरना पड़ेगा

कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंचे राहुल प्रजापति,राजेश,जितेंद्र,पंकज मालवीय,सतीश कुमार,अजय,दीपक मालवीय,भूरी बाई,सुमन,पूर्णिमा,आशा बाई,बबीता प्रजापति, मंजू बाई,सुनीता बाई,विक्की वारिया,लखन,बाबूलाल,दिनेश,सोनू प्रजापति,कमलेश प्रजापति,पूजा प्रजापति,बलराम,दुर्गा बाई,शारदा बाई,हरीश,हेमंत मोंटी,पवन,दिनेश कुमार, संजय,लक्की,हरीश,कृष्णा,अभिषेक,संजय प्रजापति आदि ने प्रशासन से झोपड़े तोडऩे जरूरी होने पर झोपड़ों को तोडऩे से पहले मकान के लिए जमीन और मकान बनाने के लिए आर्थिक मदद देने की मांग की है।

## साइबर सुरक्षा एवं जागरुकता कार्यशाला आयोजित

सीहोर (निप्र)। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निर्देशानुसार सीहोर एनआईसी द्वारा सीहोर स्थित शासकीय मनुबेन सीएम राइज स्कूल में टु गेदर फॉर अ बेटर इंटरनेट की थीम पर साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवा पीढ़ी को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग एवं संबंधित गतिविधियों में भाग लेने के लिये प्रेरित करना था। कार्यशाला में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित विषयों की विस्तार से जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम प्रतिवर्ष फरवरी माह के द्वितीय मंगलवार को सेफर इंटरनेट डे के रूप में आयोजित किया जाता है। कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान केन्द्र अधिकारी अनिल परमार, सहायक संचालक शिक्षा सुश्री सलोनी शर्मा, प्राचार्य दीप सिंह राठौर सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# श्रीराम चरित्र मानस सेवा संस्कार परिषद् की बैठक सम्पन्न

## ग्राम स्तर पर बनेगी परिषद की इकाई



सीहोर (निप्र)। श्रीराम चरित्र मानम सेवा संस्कार परिषद् की बेठक सम्पन हुई। जिसके प्रारम्भ में सभी लोगों ने सीताराम नाम संकीर्तन किया। इसके पश्चात बैठक में प्रति मंगलवार को 10 मिनट के लिये उसे रात्रि 8.30 से 8.40 तक सीताराम संकीर्तन करने का अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया। इस सीताराम नाम कीर्तन हेतु ग्राम स्तर पर श्री रामचरित्र मानस सेवा संस्कार परिषद् की इकाईयों का गठन किया जावेगा। ग्राम स्तरीय इकाईयों का गठन अप्रैल माह तक पूर्ण करने की कार्ययोजना बनाई गई।

इस अवसर पर बलवीर लोमर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सीताराम नाम का जाप अधिकांश सनातन धर्मावलम्बी करते है। परिषद् के द्वारा चलाये जाने वाले सीताराम नाम जाप का अभियान का आशय यह है कि सभी लोग जब निर्धारित समय प्रत्येक मंगलवार को रात्रि 8.30 से 8ः40 बजे 9 सीताराम नाम जाप करने से ब्रह्माण्ड में सकारत्मक उर्जा आयेगी, जो सीताराम नाम जाप करने वाले के साथ विश्व हेतु कल्याणकारी होगी। प्रति मंगलवार को सीताराम नाम जाप करने के लिये आवश्यक नहीं है कि आप मन्दिर में या किसी निश्चित स्थान पर बैठ कर करें। का इस हेतु आप अपना काम करते हुए जहा भी हो सीताराम नाम का जाप करें। इस हेतु आप अपना काम करते हुए जहाँ भी हो सीताराम नाम का जाप करें।

इस अवसर पर जी राजेन्द्र ठाकुर निशांत सिंह, मांगीलाल, गणेश तिवारी, कपिल उपाध्याय, नितिन गुप्ता, मान सिंह ठाकुर, अनिल राठौर, बाबू विश्वकर्मा, गणेश तिवारी, उषा चौहान, मांगीलाल सोलंकी, नरेश विश्वकर्मा, देवीसिह परमार, तेज सिंह वारेला आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# समय पर हों लोगों के काम और सभी पात्र व्यक्तियों को मिले योजनाओं का लाभ- कलेक्टर बालागुरु के.

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने राजस्व विभाग के विभिन्न बिन्दुओं पर अनुभागवार एवं तहसीलवार विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने अनुभाग में चल रही योजनाओं, शासकीय गतिविधियों और समय समय पर चलने वाले अभियानों का सफलतापूर्वक संचालन और मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी आमजन की समस्याओं का समुचित निराकरण समय सीमा में करें। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम पुलिस के साथ समन्वय कर बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा कानून व्यवस्था की दृष्टि से तात्कालिक घटनाओं पर तुरंत उचित कार्यवाही करें। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी राजस्व अधिकारियों को लक्ष्य पूरा करने के लिए राजस्व वसूली के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व रिकार्ड सुधार, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, फार्मर रजिस्ट्री, आधार से खसरा लिकिंग, ईकेवायसी की समीक्षा करते हुए समस्त राजस्व संबंधी मामलों में अविलंब कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित सभी राजस्व अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**मिलावटखारों के विरूद्ध करें कडी कार्रवाई**

कलेक्टर बालागुरू ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिलावटखोरी को रोकने के लिए समय समय पर खाद्यपदार्थों के नमूने लिये जाएं और उनके परीक्षण कर मिलावट करने वोलों के विरूद्ध कडी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को बिना मिलावट के खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके इसके लिए नियमित कर्रवाई की जाए। इसी प्रकार अमानक खाद एवं कीटनाशकों के क्रय विक्रय और परिवहन को रोकने के लिए जिले में दुकानों से लगातार नमूने लिए जाएं और अमानक कंपनियों और विक्रेताओं के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने इसकी लगातार रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए।

# भ्रामक जानकारी से बचाने के लिए सीएमएचओ ने कराया आमजनों को मापदण्डो से अवगत

सीहोर (निप्र)। गत दिवस समाचार पत्र में निर्धारित मापदंड के बिना शहर में निजी अस्पताल संचालित होने की खबर प्रकाशित हुई थी। आमजन भ्रमित न हो इसके लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर कुमार डेहरिया ने इस बारे में शासन के मापदंडो की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जिले में संचालित पंजीकृत निजी नर्सिंग होम, अस्पताल, मैटरनिटी विंग का संचालन करने के लिए आवेदक द्वारा एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जाता है। इसके पश्चात जिले के सीएमएचओ (जिला सक्षम अधिकारी) द्वारा जिला स्तरीय जाँच समिति गठित की जाती है। इस गठित समिति द्वारा शासन से प्राप्त निर्धारित मानदंडों के अनुसार निजी नर्सिंग होम, अस्पताल, मेटरनिटी विंग का निरीक्षण किया जाता है और निरीक्षण रिपोर्ट जिला सक्षम अधिकारी (सीएमएचओ) को उपलब्ध करायी जाती हैं।

# पीएम श्री कॉलेज में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित

## रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री डॉ यादव निरंतर कर रहे हैं कार्य - विधायक श्री राय



सीहोर (निप्र)। प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेटिंसशिप मेला आयोजित किया गया। विधायक सुदेश राय ने इस मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वरोजगार के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र तथा विभिन्न कंपनियों द्वारा चयनित युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किए। इस मेले में 598 आवेदकों ने पंजीयन कराया जिसमें विभिन्न 17 कंपनियों द्वारा 457 आवेदकों का प्रथमिक चयन किया गया। इसके साथ ही विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं हितग्राहियों को 38 लाख 12 हजार रूपये के ऋण प्रदान किए गए।

इस अवसर पर सीहोर विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में निरंतर विकास के कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव प्रदेश के सभी युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रहे हैं, ताकि प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में बढोत्तरी हो। उन्होंने कहा कि आज इस रोजगार मेले में विभिन्न 17 कंपनियां विभिन्न पदों पर भर्ती करने के लिए आई है, जिससे जिले के अनेक युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर जिला उद्योग महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, जिला रोजगार अधिकारी श्याम कुमार धुर्वे, एलडीएम अरुण शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**युवाओं के चेहरे पर दिखाई दी रोजगार की खुशी**

प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज में आयोजित युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में विभिन्न 17 कंपनियों द्वारा 457 पदों पर युवाओं का चयन किया गया। इस मेले में सीहोर निवासी सुश्री नेहा कटारे को रोजगार मिला है। नेहा कहती हैं कि सरकार ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से हम जैसे युवाओं के लिए सुलभता से रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। यह रोजगार मेले हमारे लिए बहुत सहायक है। इसी प्रकार रोजगार मेले में सीहोर निवासी सुश्री आरती वर्मा, मनोज, राजेश परमार को भी रोजगार मिला है। सभी युवाओं ने इस रोजगार मेले के आयोजन के लिए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

# महात्मा गांधी महाविद्यालय सीहोर में साइबर अपराध विषय पर कार्यशाला का आयोजन



सीहोर ( निप्र)। महात्मा गांधी महाविद्यालय सीहोर साइबर अपराध को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं व एनएसएस और एसीसी के छात्रों साथ ही समस्त स्टाफ को साइबर अपराधों से बचने और सुरक्षित रहने की जानकारी दी। जिसमें साइबर अपराध सप्ताह के अन्तर्गत जिला सीहोर साइबर क्राइम सेल अधिकारी सुशील साल्वे द्वारा विद्यार्थियों को साइबर ठगी के प्रचलित तरीके एवं इससे कैसे बचें, क्या करें क्या ना करें इससे हम और हमारा समाज कैसे बचा जा सकते है, इसी उद्देश्य को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें साइबर से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दे एवं जानकारियां देते हुए विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अब्दुल हलीम खान, डायरेक्टर श्रीमती ज्योति शर्मा एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र वर्मा एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ शामिल हुए।

# किसान एफएक्यू गुणवत्ता का गेंहू ही विक्रय के लिए लाएं

सीहोर ( निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले की सभी पंजीकृत किसानों से अपील की है कि रबी उपार्जन नीति के अनुसार गेहूं विक्रय के लिए अच्छी औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) का गेहूं ही उपार्जन केन्द्रों पर लेकर आयें। किसान अपनी फसल को घर से कचरा, मिट्टी साफ कर उपार्जन केन्द्र पर लाए। इसके साथ ही किसान द्वारा बेची गई फसल का भुगतान किसान के आधार से लिंक बैंक खाते में किया जायेगा। इसलिए किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर को लिंक कराकर अपडेट रखें। रबी उपार्जन नीति के प्रावधानों के अंतर्गत कृषक अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुकिंग कर बुकिंग दिनांक से आगामी 07 दिवस के भीतर फसल विक्रय कर ऑनलाइन बिल बनवाना होगा। जिन किसानों के ऑनलाइन स्लॉट बुक होंगे उन्हीं किसानों से फसल की खरीदी की जाएगी। बिना स्लॉट बुकिंग किये उपार्जन केन्द्र पर फसल नहीं लाएं।

# निवर्तमान कलेक्टर प्रवीण सिंह को दी गई आत्मीय विदाई

सीहोर (निप्र)। सीहोर जिले के निवर्तमान कलेक्टर प्रवीण सिंह को उनके स्थानांतरण के पश्चात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आत्मीय विदाई दी गई। इस अवसर पर निवर्तमान कलेक्टर प्रवीण सिंह के नेतृत्व, समर्पण और प्रशासनिक कौशल की सभी अधीनस्थ अधिकारियों ने प्रशंसा की। विदाई समारोह में अधिकारियों ने उनके द्वारा जिले के विकास के लिए किए गए कार्यों एवं नवाचारों को याद किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि निवर्तमान कलेक्टर श्री सिंह आमजनों के कल्याण एवं विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित और संचालित किया है। इस अवसर पर निवर्तमान कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा पद और कुर्सी यहीं रह जाती है, सिर्फ हमारा व्यवहार ही नागरिकों की स्मृति में रहता है। इसलिए सभी अधिकारियों का यह प्रयास होना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर हमारे पास आए तो हमें उसके साथ संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह दायित्व है कि हम नागरिकों की शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण एवं त्वरित निराकरण करें। कोई भी नागरिक अपनी शिकायत के निराकरण के प्रति संशय पूर्वक प्रश्नचिन्ह लेकर वापस न जाए।

# राहुल का होगा इलाज और विष्णु के लिए आएंगे भोपाल से इंजेक्शन

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

सीहोर ( निप्र)। मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. समक्ष पहुंचे राहुल का अब जिला अस्पताल मे पूरा इलाज होगा और विष्णु के लिए भोपाल से इंजेक्शन आएंगे। दरअसल जनसुनवाई में पहुंचे 36 वर्षीय राहुल विश्वकर्मा को कई बीमारियां है। राहुल द्वारा इलाज के लिए मदद की गुहार लगाने पर कलेक्टर बालागुरू के. ने जनसुनवाई में उपस्थित सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया को राहुल के समुचित इलाज के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सीएमओ ने राहुल को जनसुनवाई से ही अस्पताल में भर्ती करने के लिए भिजवा दिया और समुचित इलाज के लिए आवश्त किया। जनसुनवाई में पुत्र विष्णु को लेकर पहुंची सीहोर निवासी श्रीमती लीना शर्मा ने बताया कि उनके बीमार पुत्र को विशेष प्रकार के इंजेक्शन की आवश्यकता है। इस पर कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देश पर सीएमएचओ द्वारा विष्णु के लिए एम्स भोपाल से इंजेक्शन मंगाए जाएंगे। इसी प्रकार जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन के समक्ष पहुंची दोराहा निवासी श्रीमती कला बाई ने वृद्धावस्था पेंशन की मांग की। डॉ नेहा जैन ने सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक को पात्रतानुसार पेंशन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम सागोनी निवासी पर्वत सिंह वर्मा ने बताया कि 21 जनवरी को खेत में काम कर रहे उनके पुत्र सुनील पर तेंदुए ने हमला कर दिया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया है और आज भी उसका इलाज चल रहा है। उनके द्वारा इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग पर कलेक्टर बालागुरू के ने आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजली, आजीवन सहयोग निधि अभियान शुरु

सीहोर (निप्र)। भाजपा जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर नगर मंडल के तत्वाधान में कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर आजीवन सहयोग निधि अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा और भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति सहित अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को स्व. उपाध्याय के जीवन, संघर्षों व उनके आदर्शों का जिक्र करते हुए कहा कि सुविधाओं में पलकर कोई भी सफलता पा सकता है पर अभाव के बीच रहकर शिखर को छूना बहुत कठिन है। भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो छोटे से छोटे कार्यकर्ताओ के आर्थिक सहयोग से चलती है। कार्यकर्ताओ द्वारा दिया गया समपर्ण कार्यकर्ताओ में अनुशासन लाता है जो पार्टी में निस्वार्थ रुप से कार्य करता है साथ ही भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री प्रजापति ने बताया कि 23 फरवरी को मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक बूथ पर सुना जाना है जिसको लेकर योजना बनाकर बूथ पर निवासरत सभी कार्यकर्ताओं को सूचना पहुंच जाए।



भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष श्री प्रजापति ने बताया कि मंगलवार को पंडित श्री उपाध्याय की पुण्यतिथि के मौके पर करीब 30 हजार के साथ निधि अभियान की शुरूआत की गई। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय समाज के एक महान विचारक, अर्थशास्त्री और राजनेता थे। उनका जन्म 25 सितंबर 1916 को उत्तर प्रदेश के नगला चंद्रभान नामक गांव में हुआ था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का प्रमुख योगदान भारतीय राजनीति और दर्शन में उनके सम्पूर्ण मानवतावाद के सिद्धांत के रूप में था, जिसे उन्होंने भारतीय समाज के विकास के लिए एक वैकल्पिक दृष्टिकोण के रूप में प्रस्तुत किया। सम्पूर्ण मानवतावाद का सिद्धांत यह कहता था कि मनुष्य का सर्वांगीण विकास केवल भौतिक समृद्धि पर निर्भर नहीं होना चाहिए, बल्कि उसकी मानसिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं को भी पूरा करना चाहिए। उनका मानना था कि पश्चिमी समाज की भौतिकवाद और उपभोक्तावाद की ओर झुकी हुई सोच से भारत का विकास नहीं हो सकता, क्योंकि भारत की सांस्कृतिक और पारंपरिक धारा बहुत भिन्न है। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं को भी पूरा करना चाहिए।

उनका मानना था कि पश्चिमी समाज की भौतिकवाद और उपभोक्तावाद की ओर झुकी हुई सोच से भारत का विकास नहीं हो सकता, क्योंकि भारत की सांस्कृतिक और पारंपरिक धारा बहुत भिन्न है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारधारा निर्माता थे। उन्होंने भारतीय समाज में जातिवाद, असमानता और गरीबी के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया और यह सुनिश्चित किया कि भारत का विकास आत्मनिर्भर और स्वदेशी सिद्धांतों पर आधारित हो। उनका निधन 11 फरवरी 1968 को हुआ, और उनकी मृत्यु आज भी रहस्यमयी मानी जाती है। बावजूद इसके, उनका योगदान भारतीय राजनीति और समाज में अनमोल बना हुआ है, और उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com


भरोसा और
निवेशकों को पहला स्थान
मूल्यों की नींव पर
मध्यप्रदेश की उड़ान
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
कर्टेन रेज़र कार्यक्रम
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
24-25 फरवरी 2025, भोपाल
होटल ताज महल, मान सिंह रोड एरिया, नई दिल्ली
12 फरवरी, 2025 । अपराह्न 3:00 बजे
असीमित संभावनाएं एवं निवेश का समृद्ध इकोसिस्टम आपके लिए तैयार है
आकर्षक नीतियां
पारदर्शी नीतियों के साथ कस्टमाइज्ड पैकेज
ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस
EODB रैंकिंग में अग्रणी राज्य
आधुनिक आधारभूत संरचना
340+ औद्योगिक पार्क (MSME, IT, EMS पार्क सहित) 7 स्मार्ट सिटीज़, 5 आईटी सेज़
पावर सरप्लस
31 GW स्थापित क्षमता
30% स्वच्छ ऊर्जा
स्ट्रेटजिक कनेक्टिविटी
6 हवाई अड्डे, 20 रेलवे जंक्शन, 6 ड्राई पोर्ट
1 मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क
व्यापक औद्योगिक लैंड बैंक
1 लाख + एकड़
विस्तृत रोड नेटवर्क
5 लाख + किमी रोड नेटवर्क
46 राष्ट्रीय राजमार्ग
पर्याप्त जल आपूर्ति
उद्योगों के लिए 1000 + मिलियन घनमीटर जल उपलब्ध
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
www.investmp.in
D-11179/24
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
#InvestInMP
#MPGIS2025